

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,शुक्रवार 25 अप्रैल 2025 ■ बैसाख कृष्ण पक्ष-13 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-027 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 26 अप्रैल 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# भारतमाला प्रोजेक्ट घोटाला : पटवारी,आरआई,तहसीलदार व एसडीएम के ठिकानों पर ईओडब्लू-एसीबी का छापा

**रायपुर,25 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

भारतमाला प्रोजेक्ट में हुई गड़बड़ी को लेकर ईओडब्लू-एसीबी की प्रदेश में बड़ी छापेमारी चल रही है। टीमों ने 20 ठिकानों को घेरा है। रायपुर सहित दुर्ग व बिलासपुर में कार्रवाई चल रही है। सभी भू राजस्व से जुड़े अधिकारी कर्मचारी है।यह रेड रायपुर, दुर्ग भिलाई, आरंग,अभनपुर सहित अन्य जगह करवाई चल रही है। यह कार्रवाई भूमि अधिग्रहण को लेकर की गई है । टीम ने तहसीलदार और उनके मातहत को घेरा है। भारत सरकार की भारतमाला परियोजना के तहत छत्तीसगढ़ में रायपुर से विशाखापट्टनम तक 950 किमी लंबी सड़क बनाई जा रही है। इस परियोजना में रायपुर से विशाखापट्टनम तक फोर लेन और दुर्ग से आरंग तक सिक्स लेन सड़क निर्माण प्रस्तावित है। इसके लिए कई किसानों की जमीन अधिग्रहित की गई, जिसके बदले उन्हें मुआवजा मिलना था। हालांकि, कई किसानों को अब तक मुआवजा नहीं मिल पाया है, वहीं दूसरी ओर मुआवजे के नाम पर सरकारी फंड का दुरुपयोग कर करोड़ों की बंदरबांट की गई। शुरुआती जांच में सामने आया था कि कुछ सरकारी अधिकारियों, भू-माफियाओं और प्रभावशाली लोगों ने आपसी मिलीभगत से फर्जी दस्तावेजों के जरिए लगभग 43 करोड़ की मुआवजा राशि हड़प ली। विस्तृत जांच के बाद यह आंकड़ा 220 करोड़ से अधिक तक पहुंच गया है। अब तक ईओडब्लू को 164 करोड़ के संदिग्ध लेन-देन से संबंधित रिकॉर्ड प्राप्त हो चुके हैं। जानकारी के अनुसार, ईओडब्ल्यू ने तत्कालिक अभनपुर एसडीएम निर्भय साहू और तत्कालिक तहसीलदार शशिकांत कुर्रे के रायपुर स्थित घरों के साथ करीबन 17 से 20 अधिकारी-कर्मचारियों के स्थित ठिकानों पर पहुंची है. ईओडब्ल्यू की टीम



इन ठिकानों पर संबंधित दस्तावेजों की तलाश कर रही है. शुरुआती जांच में यह सामने आया था कि कुछ सरकारी अधिकारियों, भू-माफियाओं और प्रभावशाली लोगों ने मिलीभगत कर फर्जी तरीके से लगभग 43 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि हासिल कर ली. लेकिन विस्तृत जांच में यह आंकड़ा 220 करोड़ रुपये से ज्यादा तक पहुंच गया है. अब तक 164 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेन-देन का रिकॉर्ड भी जांच एजेंसी को मिल चुका है. मामले की गंभीरता को देखते हुए नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने 6 मार्च को प्रधानमंत्री कार्यालय और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर CBI जांच की मांग की है.

इस घोटाले को लेकर चरणदास महंत ने विधानसभा बजट सत्र 2025 में भी मुद्दा उठाया था. इसके बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में इस प्रकरण की जांच ईओडब्ल्यू को सौंपने का निर्णय लिया गया था. अब ईओडब्ल्यू ने इस पूरे मामले की जांच को और तेज कर दिया है. छत्तीसगढ़ में भारतमाला परियोजना के तहत राजधानी रायपुर से विशाखपट्टनम तक 950 कि.मी. सड़क निर्माण किया जा रहा है. इस परियोजना में रायपुर से विशाखापटनम तक फोरलेन सड़क और दुर्ग से आरंग तक सिक्स लेन सड़क बनना प्रस्तावित है. इस सड़क के निर्माण के लिए सरकार ने कई किसानों की जमींने अधिग्रहित की हैं. इसके एवज में उन्हें मुआवजा दिया जाना है, लेकिन कई किसानों को अब भी मुआवजा नहीं मिल सका है. विधानसभा बजट सत्र 2025 के दूसरे दिन नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने इस मुद्दे को उठाया था, जिसके बाद इस मामले में जांच का फैसला लिया गया.

**भूमि अधिग्रहण नियम**-भूमि अधिग्रहण नियम 2013 के तहत हितग्राही से यदि 5 लाख कीमत की जमीन ली जाती है, तो उस कीमत के अलावा उतनी ही राशि यानी 5 लाख रुपए सोलेशियम के रूप में भी दी जाएगी. इस तरह उसे उस जमीन का मुआवजा 10 लाख दिया जाएगा. इसके तहत 5 लाख की यदि जमीन अधिग्रहित की जाती है तो उसके 10 लाख रुपए मिलेंगे और 10 लाख रुपए सोलेशियम होगा. इस तरह हितग्राही को उसी जमीन के 20 लाख रुपए मिलेंगे.

### इनके यहाँ चल रही जाँच

विजय जैन, हरमीत सिंह. मनजीत सिंह
आशीष दास, उमा तिवारी, केदार तिवारी
रोशन वर्मा ,एसडीएम निर्भय साहू
तहसीलदार शशिकांत कुर्रे
नायब तहसीलदार लखेश्वर प्रसाद किरण
पटवारी जितेंद्र साहू,दिनेश पटेल,
लेखराम देवांगन

## संक्षेप

### अगर मेरा बेटा आदिल इस घटना में शामिल है, तो उसका एनकाउंटर कर देना चाहिए

**श्रीनगर,25 अप्रैल।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम हमले में शामिल आतंकी आदिल की मां शहजादा बानो, ने कहा है कि यदि उसका बेटा इस घटना में शामिल है, तो उसे एनकाउंटर कर देना चाहिए. उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर आदिल का इस आतंकी हमले में कोई भूमिका है, तो सुरक्षा बलों को अधिकार है कि वे जो उचित समझें, करें. यदि उन्हें एनकाउंटर करना है, तो वे ऐसा कर सकते हैं. उन्होंने कहा कि फोर्सेज को आदिल का एनकाउंटर उसी स्थान पर करना चाहिए था, यदि वह वहां मौजूद था. शहजादा बानो ने बताया कि आदिल 2018 में यहां से चला गया और तब से उनका संपर्क नहीं हुआ. उन्होंने यह भी कहा कि यदि आदिल जिंदा है, तो उसे आत्मसमर्पण करना चाहिए, क्योंकि उसकी वजह से उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. उन्होंने बताया कि कल शाम सुरक्षा बल आए थे और उन्होंने मुझे एक तस्वीर दिखाई, लेकिन मैंने उन्हें स्पष्ट किया कि यह आदिल नहीं है. गुरुवार और शुक्रवार की रात को सुरक्षाबलों के ऑपरेशन के दौरान पहलगाम हमले में शामिल आदिल और एक अन्य आतंकवादी के घरों में विस्फोट हुआ.

### प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से तीन जवान घायल

**बीजापुर,25 अप्रैल।** पिछले तीन दिनों से जारी कर्रेगुटटा की पहाड़ियों में नक्सली आपरेशन मे डटे जवानों को हेलिकॉप्टर से राशन भेजा जा रहा है वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की नजर आपरेशन पर लगी हुई है आपरेशन लगातार जारी है बताया जा रहा है कि बडे नकसली लीडर पुलिस जवानों की घेराबंदी में फंसे है। इधर सूत्रों से पता चला है की कर्रेगुटटा की पहाडियो मे नक्सलियों के लगाये प्रेशर आई ई डी की चपेट में आने से तीन जवान घायल हुए हैं। जिन्हे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रायपुर भेजा गया है।

### लश्कर आतंकी अल्ताफ लाली ढेर

**श्रीनगर,25 अप्रैल।** जम्मू एवं कश्मीर के बांदीपोरा जिले में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा का एक प्रमुख आतंकवादी, अल्ताफ लाली, मारा गया है. इस एनकाउंटर में एक आतंकवादी के घायल होने की सूचना मिली है, जबकि दो सुरक्षाकर्मी भी घायल हुए हैं. यह घटना पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच चौथा एनकाउंटर है. इससे पहले, गुरुवार को सुरक्षाबलों ने उधमपुर के डूडू बसंतगढ़ में कुछ आतंकियों को घेर लिया था, जिसमें सेना का एक हवलदार शहीद हो गया था.

### 30 साल से हम ये गंदा खेल खेल रहे हैं

**करांची,25 अप्रैल।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री की जुबान पर सच्चाई आ गई। आतंक की फैक्ट्री बनकर आतंकवादियों को निर्यात करने की। खुद सबसे बड़ा कबूलनामा और किसी ने नहीं बल्कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने कैमरे के सामने कर दिया है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का एक बयान इस वक्त सुर्खियों में है। जब पाकिस्तान के रक्षा मंत्री से कह गया कि पाकिस्तान एक आतंकवादी संगठन का समर्थन कर रहा है, तो उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान पश्चिम के लिए गंदा काम कर रहा है। एक इंटरव्यू के दौरान आसिफ ने यह चौंकाने वाला बयान दिया है। इंटरव्यू में आसिफ ने विनाशकारी पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ सुरक्षा उपाय लागू करने के लिए नई दिल्ली की आलोचना की। 22 अप्रैल को, आतंकवादियों ने कश्मीर के पर्यटन स्थल में घुसपैठ की, जिसमें 26 निर्दोष पर्यटक मारे गए। आसिफ ने आतंकवाद को बढ़ावा देने के पाकिस्तान के लंबे इतिहास के बारे में सवालों को टालने की कोशिश की, लेकिन पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने खुद को मुश्किल में डाल लिया जब उन्होंने कहा कि नकदी की कमी से जूझ रहा यह देश पश्चिम के लिए गंदा काम कर रहा है।

**कैमरे पर पाक के रक्षा मंत्री ने कर दिया खुलासा**

# पाकिस्तान की फायरिंग का भारतीय सेना ने दिया मुंहतोड़ जवाब



**श्रीनगर,25 अप्रैल।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध के हालात बन गए हैं। पाकिस्तानी सेना ने गुरुवार रात से लेकर शुक्रवार सुबह तक लाइन ऑफ कंट्रोल के कई इलाकों में फायरिंग की। भारतीय सेना ने भी तुरंत इसका मुंहतोड़ जवाब दिया है। सेना के अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। यह फायरिंग एलओसी पर पाकिस्तानी सेना की ओर से रातभर की गई। हालांकि, इस हमले में भारत की ओर से किसी तरह की क्षति नहीं हुई है। यह फायरिंग एलओसी पर पाकिस्तानी सेना की ओर से कई चौकियों से की गई है। वहीं दूसरी तरफ उत्तर कश्मीर के बांदीपोरा जिले में शुक्रवार सुबह सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच एनकाउंटर शुरू हो गया है। यह एनकाउंटर कुलनार इलाके में हुआ, जहां आतंकियों के छिपे होने की सूचना पर सेना और पुलिस ने तलाशी अभियान शुरू किया था। पिछले 2 दिनों में यह चौथी मुठभेड़ है। जम्मू कश्मीर के बांदीपोरा में आतंकियों के होने की खबर है। अजास के बाजीपोरा के जंगलों में सर्च ऑपरेशन चल रहा है। सर्च ऑपरेशन के दौरान गोलीबारी की आवाज सुनाई दी। इस क्षेत्र में 1-2 आतंकवादियों के मौजूद होने की सूचना थी, जिनके अब फंसने की संभावना है।

# एलजी मनोज सिन्हा से मिले सेना प्रमुख



**श्रीनगर,25 अप्रैल।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी आज जम्मू-कश्मीर दौरे पर हैं। उनका यह दौरा पहलगाम आतंकी हमले के बाद हो रहा है। उपेंद्र द्विवेदी ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात की है। राजभवन ने बताया कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी से न केवल पहलगाम आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय के दायरे में लाने के लिए प्रभावी कदम उठाने को कहा है, बल्कि आतंकवाद के बुनियादी ढांचे और उसके पारिस्थितिकी तंत्र को कुचलने के प्रयासों को भी तेज करने को कहा है। चर्चा के दौरान उपराज्यपाल ने कहा कि देश को हमारी सेना, पुलिस और सीएपीएफएस की बहादुरी और पराक्रम पर पूरा भरोसा है और उन्हें पहलगाम आतंकवादी हत्या के अपराधियों, समर्थकों और ओजीडब्ल्यूएस की पहचान करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए और पूरी श्रृंखला का निरंतर तरीके से पीछा करके उन्हें बेअसर करना चाहिए। उपराज्यपाल ने शीर्ष सैन्य अधिकारियों से कहा, पहलगाम आतंकवादी हमले के हर अपराधी और समर्थक, चाहे वह किसी भी स्थान या संबद्धता से जुड़ा हो, की तलाश की जानी चाहिए और उन्हें हमारे नागरिकों के खिलाफ कायरतापूर्ण और नृशंस कृत्य के लिए भारी कीमत चुकानी चाहिए। बैठक में सुरक्षा तंत्र, विभिन्न अल्पकालिक, दीर्घकालिक उपायों और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच एकीकरण और समन्वय की भी समीक्षा की गई। बैठक में सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, उत्तरी कमान के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार, उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा और 15 कोर के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल प्रशांत श्रीवास्तव शामिल हुए। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार रात एक सुरक्षा समीक्षा बैठक की। इस बैठक का उद्देश्य पहलगाम आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार आंतकियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निर्देशों का तेजी से पालन सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार देश के नागरिकों की हत्या का बदला लेने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# मिट्टी में मिला दिए आतंकियों के मकान

### भारतीय सेना ने आतंकी आसिफ शेख का घर पर चलाया बुलडोजर आदिल गुरी का ब्लास्ट कर उड़ाया



**श्रीनगर,25 अप्रैल।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद से सरकार और भारतीय सेना एक्शन मोड में आ गई है। भारतीय सेना ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आतंकी आसिफ शेख और और आदिल गुरी के घर जो जमींदोज कर दिया गया। सेना ने गुरुवार को मोंगहामा त्राल के आतंकवादी आसिफ शेख के घर पर बुलडोजर चलाकर गिरा दिया। वहीं आदिल गुरी के घर को गुरुवार रात ब्लास्ट कर उड़ा दिया। आसिफ शेख और आदिल गुरी का नाम पहलगाम आतंकी हमले में आया है। वहीं उत्तर कश्मीर के बांदीपोरा जिले में शुक्रवार सुबह सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हो रही है। यह मुठभेड़ कुलनार बाजीपोरा इलाके में हुई, जहां आतंकियों के छिपे होने की सूचना पर सेना और पुलिस ने तलाशी अभियान शुरू किया था। जैसे ही जवान इलाके में पहुंचे, आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। पिछले 2 दिनों में यह चौथी मुठभेड़ है। सुरक्षाबल पूरे इलाके को घेरे हुए हैं और ऑपरेशन अभी जारी है। लोगों से अपील की गई है कि वे घरों में रहें और सुरक्षाबलों का सहयोग करें। आदिल थोकर लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी है। उसे आदिल गुरी के नाम से भी जाना जाता है। आदिल बीजबेहरा का रहने वाला है। उसका घर धमाके में उड़ा दिया गया।

## आतंकियों को गनमैन बताने पर न्यूयार्क टाइम्स पर भड़के ट्रंप

**वाशिंगनट,25 अप्रैल।** 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर भारत समेत पूरा विश्व आक्रोश में है। आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई की मांग की जा रही है। इसी बीच पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स ने कुछ ऐसा लिख दिया, जिसे लेकर विवादों में आ गई है। अखबार ने अपनी रिपोर्ट में हमले के लिए जिम्मेदार आतंकियों को मिलिटेंट्स और गनमैन लिखा है। इसे लेकर ट्रंप सरकार भड़क गई और जोरदार फटकार लगाई है। अमेरिकी संसद की विदेश मामलों की समिति ने न्यूयॉर्क टाइम्स पर पहलगाम हमले की गंभीरता को कम करने का आरोप लगाया। समिति ने सोशल मीडिया पोस्ट कर पहलगाम घटना के लिए अखबार की ओर से चुने गए शब्दों की आलोचना की है। समिति ने इस रिपोर्ट को शेयर किया, जिसका शीर्षक था- कश्मीर में मिलिटेंट्स ने 24 पर्यटकों को मार गिराया। इस पर समिति ने रिपोर्ट में लिखे गए Militants शब्द को काटकर उसकी जगह Terrorists लिखा है। समिति ने कहा कि न्यूयॉर्क टाइम्स हमने आपकी इस हेडिंग को ठीक कर दिया है। यह साफतौर पर आतंकी हमला था।

# पूर्व पति ने 'सूजा' से महिला पर किये कई वार, भर्ती

**रायपुर,25 अप्रैल।** मंदिर हसौद नगर पालिका कार्यालय में एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जहां कंप्यूटर ऑपरेटर तृप्ति मिश्रा पर उनके तलाकशुदा पति दिनेश मिश्रा ने लोहे के सूजा से जानलेवा हमला कर दिया. इस हमले में तृप्ति को पीठ और सीने में गंभीर चोटें आईं, जिससे वे खून से लथपथ होकर बेहोश हो गईं.

घटना के संबंध में तृप्ति की मां, जो ग्राम कुरूद की रहने वाली और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं, ने बताया कि उन्हें दोपहर में नगर पालिका कर्मचारी लव मिश्रा ने फोन पर सूचना दी कि दिनेश मिश्रा ने कार्यालय परिसर में तृप्ति पर हमला किया है. सूचना मिलते ही वे परिचित रमेश यादव के साथ नगर पालिका कार्यालय पहुंचीं, जहां लव मिश्रा ने बताया कि तृप्ति को प्राथमिक उपचार के लिए पीएचसी मंदिर हसौद ले जाया गया है. पीएचसी पहुंचने पर तृप्ति ने अपनी मां को रोते हुए बताया कि दोपहर करीब 1.45 बजे वे अपने टेबल पर काम कर रही थीं, तभी दिनेश मिश्रा ने उनके टेबल पर रखे लोहे के सूजा से जान से मारने की नीयत से ताबड़तोड़ प्रहार किए. हमले में उनकी पीठ और सीने में गंभीर चोटें आईं, जिससे वे बेहोश हो गईं. तृप्ति को बेहतर इलाज के लिए रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है.

### शादी में खराब बूंदी खाकर 50 बच्चे बीमार

**कोरबा,25 अप्रैल।** विवाह कार्यक्रम में शामिल ग्रामीण फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए. बीमार पड़े 43 बच्चे और छह बड़ों को इलाज के लिए देर रात मेडिकल कालेज अस्पताल दाखिल कराया गया. घटना उरगा थाना क्षेत्र के भैंसमा के पहरी पारा की है. जानकारी के अनुसार, पालीथीन में पैक सेव बूंदी खाने के बाद बच्चों और बड़ों की तबीयत बिगड़ी. उल्टी-दस्त की शिकायत आते ही गांव में हड़कंप मच गया. मेडिकल कॉलेज की पूरी टीम देर रात पहुंचे बीमारों के इलाज में जुटी रही. सूचना पाकर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी घायलों की हालत का जायजा लेने के लिए अस्पताल पहुंचे.

# शादी समारोह में खाना खाने के बाद 45 लोग फूड पॉइजनिंग के शिकार

**बिलासपुर,25 अप्रैल।** कोनी थाना क्षेत्र के तुर्काडीह गांव में एक शादी समारोह के बाद फूड पॉइजनिंग का मामला सामने आया है. रात को खाना खाने के बाद सुबह छोटे बच्चों से लेकर युवा व बुजुर्गों की तबीयत बिगड़ने लगी. खाना खाने के बाद 45 लोगों ने उल्टी दस्त होने की शिकायत की. सभी बीमारों को सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है. स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर भोजन के सैंपल जांच के लिए एकत्र किए हैं. फिलहाल सभी मरीजों की स्थिति स्थिर बताई जा रही है. सिम्स के डॉक्टरों ने बताया कि कि कोनी क्षेत्र के तुर्काडीह के सतनामीपारा निवासी नीरज सांडे अपनी बेटी का विवाह कर रहे हैं. बहुत सारे मेहमान आए हुए हैं. 23 अप्रैल की रात तीन अलग-अलग गंजे में चावल, सब्जी व दाल बनाया गया था. सभी रिश्तेदारों ने भोजन किया और उसके बाद सोने चले गए. गुरुवार की सुबह सभी की तबीयत बिगड़ने लगी. पहले परिजन तो स्थानीय डॉक्टर से दवाई लेकर सभी को दिया गया. इसके बाद पीड़ितों की संख्या बढ़ते-बढ़ते 45 तक पहुंच गई तो सभी को सिम्स के मेडिकल वार्ड में भर्ती कराया गया. बताया जा रहा है कि तीन गंज के चावल में से एक गंज का चावल खराब था. दो गंजे में बनाए गए चावल को खाने वाले सब ठीक है. तीसरे गंज के चावल को खाने वालों की तबीयत बिगड़ी है. सिम्स में अमरीका सेंडे (36) तिलक बाई (40), मधु (24), दिशा (18), ईशा (17), रुपा (45), रंजिता कुर्रे (30), शाहिल (14), चंदन, रानी (13), जगेश्वरी (28), गंगा बाई (30), आशा बाई (24), सोनिया (16), (13), निखिल पाटले (15), सनम (05), लक्ष्मन (11), अमर कुमार (03), अरून कुमार (12), अंश (06), आद्या (02), हर्ष (11), प्रिमु (10) जगेश्वर बंजारे बीमार हैं. इसमें जागेश्वर की हालत नाजूक है. उसे आईसीयू में भर्ती कराया गया है. सभी मरीजों को मुफ्त में दवाई दी जा रही है. फूड सेफ्टी अधिकारियों ने कहा है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि किस खाद्य पदार्थ में गड़बड़ी थी. वहीं, तुर्काडीह गांव में स्वास्थ्य विभाग की निगरानी बढ़ा दी गई है ताकि किसी अन्य को संक्रमण का खतरा न हो.



# फूटा अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का भांडा

### मास्टर माइंड ग्राम सरपंच के पास मिला पाकिस्तान का वीजा

**कवर्धा,25 अप्रैल।** हाइवा चोरी की जांच करते हुए कवर्धा पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है. गिरोह का सरगना हरियाणा के नूह जिले के ग्राम राजाका का सरपंच 58 वर्षीय जमील खान है, जिसके पास पाकिस्तान का वीजा मिला है एसपी धर्मेंद्र सिंह छवाई ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में मामले का खुलासा करते हुए बताया कि हाइवा चोरी के मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर सेल और थाना कोतवाली की संयुक्त टीम ने सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल डाटा के आधार पर जांच शुरू की. मामले में अंतरराज्यीय गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें मास्टर माइंड जमील खान के अलावा उजेर खान, मुसेद खान और समीम खान शामिल हैं. मामले में एक अन्य आरोपी फरार है. यह गिरोह हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, गुजरात और छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में सक्रिय था. आरोपियों के कब्जे से दो हाइवा, दो मोटरसाइकिल, एक कार और चार मोबाइल फोन समेत कुल 41 लाख 60 हजार रुपए मूल्य की संपत्ति जब्त की. मास्टर माइंड जमील खान ने पूछताछ में पाकिस्तान वीजा के संबंध में बताया कि उसकी फूफी पाकिस्तान में रहती है, जिसके पास वह बार-बार पाकिस्तान जाता है. पुलिस ने बताया कि आधुनिक तकनीक, सतर्कता और सुनियोजित घेराबंदी के चलते अंतरराज्यीय गिरोह को पकड़ने में सफलता मिली है.



एसपी धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में थाना प्रभारी लालजी सिन्हा, साइबर टीम और डीआरजी जवानों की अहम भूमिका रही.

आरोपियों द्वारा बेमेतरा से पूर्व विधायक श्री आशीष छाबडा जी के भोइनाभाठा बेमेतरा स्थित डामर प्लांट के यार्ड से हईवा चुराई ली. यह गिरोह सुनियोजित तरीके से फर्जी दस्तावेजों पर वाहनों की बिक्री करता था। इनकी गतिविधियाँ हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, गुजरात और छत्तीसगढ़ तक फैली हुई हैं। चोरी गई पहली हाईवा की बरामदगी हेतु पुलिस की पाँच विशेष टीमें अलग-अलग राज्यों में रवाना की गई हैं, जिनमें थाना कोतवाली के अधिकारी एवं साइबर सेल के तकनीकी विशेषज्ञ शामिल हैं।

इस संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक श्री लालजी सिन्हा, उप निरीक्षक रजनीकांत दीवान, सउनि राजकुमार चंद्रवंशी, दर्शन साहू, सुरेश जायसवाल, प्रधान आरक्षक खूबी साहू, आरक्षक बलीराम महोबिया एवं अन्य स्टाफ की भूमिका सराहनीय रही। साइबर विश्लेषण में निरीक्षक मनीष मिश्रा, सउनि चंद्रकांत तिवारी, आरक्षक संदीप शुक्ला एवं लेखा चंद्रवंशी का तकनीकी योगदान महत्वपूर्ण रहा। डीआरजी के जवानों ने भी घेराबंदी एवं सर्च ऑपरेशन में सक्रिय भूमिका निभाई। कबीरधाम पुलिस द्वारा की गई यह कार्रवाई न केवल अपराधियों के लिए कड़ा संदेश है, बल्कि यह भी प्रमाणित करती है कि जिले में अपराध की कोई भी योजना, चाहे वह कितनी भी सुनियोजित क्यों न हो, पुलिस की सतर्क निगाहों से बच नहीं सकती। यह कार्रवाई कबीरधाम पुलिस की सजगता, निरंतर मेहनत, आधुनिक तकनीकी दक्षता एवं पेशेवर प्रतिबद्धता का प्रमाण है।




एक नजर

## बुजुर्ग महिला से जेवर छीनकर भागने वाले तीन आरोपी पकड़ाए



**भिलाई, 25 अप्रैल।** भिलाई बुजुर्ग महिला से उसके पहने हुए जेवर को छीनकर भागने वाले तीनों आरोपियों को रानीतराई पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से 2 गिरफ्तार कर लिया है। तीनों आरोपी राजधानी रायपुर के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से जेवरात बरामद कर लिया है पाटन एसडीओपी अनूप लकड़ा ने बताया कि 17 अप्रैल की दोपहर 12 बजे बोरेंदा गांव में एक बुजुर्ग महिला जा रही थी। इसी दौरान तीन युवक बाइक में सवार होकर आए और उन्होंने महिला के पहने हुए कान के टॉप्सए गले में पहनी चांदी की मालाए नाक की सोने की फुल्ली छीनकर भाग गए आरोपियों ने महिला से करीब 20 हजार रुपए से अधिक की झपटमारी की जैसे ही रानीतरई पुलिस को इसकी जानकारी हुई पुलिस ने मामला दर्ज किया और जांच शुरू कर दी। दुर्ग एसपी विजय अग्रवाल ने इस मामले में एसीसीयू की टीम को भी जांच के लिए लगाया। दोनों ही टीमों ने मिलकर आरोपियों की पता तलाश जारी की। इसके लिए उन्होंने उस गांव से लेकर आने जाने वाले सभी रास्तों के सीसीटीवी फुटेज को भी चेक किया। सीसीटीवी फुटेज में आरोपियों की तस्वीर कैद हुई। उसके बाद पुलिस ने महिला से पहचान कराकर आरोपियों को घेराबंदी कर हिरासत में लिया पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर जब कड़ाई से पूछताछ किया तो उन्होंने महिला से सोने चांदी के गहनों को छीनना कबूल किया। उन्होने बताया कि छीने गए सभी गहने स्कूटी की डिक्की में रखना बताया इसके बाद रानीतराई पुलिस सभी जेवर को जब्त किया और उसके आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है इन आरोपियों को पुलिस ने दबोचा इमरान खान पिता छन्नू खान ;32 वर्षद्ध निवासी ग्राम खोखो पारा पुरानी बस्ती रायपुर वार्ड 43ए गोपाल सतनामी पिता फेकू राम सतनामी ;28 वर्षद्ध निवासी ग्राम खोखो पारा पुरानी बस्ती रायपुर वार्ड 43 व विक्की टांडी पिता गुड्डी राम टांडी ;23 वर्षद्ध निवासी बंधवा पारा बंधवा तालाब के पास पुरानी बस्ती रायपुर ।

## कारखाना से लोहा की चोरी

**भिलाई, 25 अप्रैल।** पुरानी भिलाई पुलिस ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड निवासी विवेक की हथखोज प्लाट नं. 201, इंजीनियरिंग पार्क में ग्रेविटी इंटर प्राईजेस के नाम से कारखाना है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि फसकी कंपनी में लोहे का फेब्रीकेशन का काम होता है कंपनी की सुरक्षा एवं देख रेख के लिए जन कल्याण सिक्युरिटी से दो गार्ड भी रखे गये हैं। कुछ दिनों से कंपनी में फेब्रीकेशन का माल कम लग रहा था, जिसे कंपनी में लगे सीसीटीवी कैमरों से चेककर देखा तो रात्रि गार्ड का काम करने वाले पवन सिंग अपनी स्कूटी में कंपनी के अंदर से फेब्रीकेशन के लोहे के कटे हुए माल को 21 मार्च से 22 अप्रैल के मध्य अलग अलग समय पर चोरी कर ले गया है।

## सेक्टर-9 हॉस्पिटल में ईटीपी एवं अग्नि सुरक्षा प्रणाली का लोकार्पण

**भिलाई, 25 अप्रैल।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा बुधवार को जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र में दो महत्त्वपूर्ण अधोसंरचनात्मक सुविधाएं . 300 केएलडी एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट ईटीपी एवं अत्याधुनिक ड्यूल फायर डिटेक्शन एंड सप्रेशन सिस्टम का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक एस. मुखोपाध्याय ए कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम कार्यपालक निदेशक बीण्केण् गिरिए तथा कार्यपालक निदेशक डॉण् रवीन्द्रनाथ एमण् की उपस्थिति रही। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक अनुराग उपाध्याय, मुख्य महाप्रबंधक उमेश भारद्वाज, मुख्य महाप्रबंधक प्रणय कुमारए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता द्विवेदी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.कौशलेंद्र ठाकुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सौरव मुखर्जी, महाप्रबंधक एसएम शाहिद अहमदए सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉण् उदय कुमारए महाप्रबंधक संजय दवेए महाप्रबंधक अतुल नौटियालए महाप्रबंधक जनसंपर्क प्रशांत तिवारी तथा संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, मुख्य चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सकगण और नर्सिंग स्टाफ भी उपस्थित थे।

## सुशासन तिहार में दर्ज शिकायत के निराकरण के लिए घर-घर पहुंच रहे अधिकारी एवं कर्मचारी

**भिलाई, 25 अप्रैल।** सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत नगर निगम भिलाई में लगभग 1307 आवेदन में मांग 969 एवं शिकायत 338 प्राप्त हुए हैं। शासन के निर्देशानुसार सभी प्रकरणों में शीघ्र निराकरण करना है। पहले अधिकारी-कर्मचारी मौके का निरीक्षण करें. शिकायतकर्ता एवं मांगकर्ता से संपर्क करें। मौके पर जाकर अवलोकन करें। यदि कार्यों का निराकरण त्वरित किया जा सकता हैए तो निगम की टीम तुरंत निराकरण करें। यदि उसका मांग एवं शिकायत के अनुसार प्रपोजल बनाकर शासन को भेजना हैए तो उसे भी बनाकर भेजा जाए। जिससे सुशासन तिहार 2025 का उद्देश्य सफल हो सके। इसी तारतम्य में कलेक्टर अभीजित सिंह के निर्देशानुसार आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में निगम के जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंताए सहायक राजस्व अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारीए जल विभाग, उद्यान विभागए प्रधानमंत्री आवास विभाग, राशनकार्ड, गुमशता लाईसेंस, सामाजिक सुरक्षा पेंशनए निगम के स्थापना विभागए डाटा सेंटर आदि सभी विभाग से संबंधित जो भी आवेदन प्राप्त हुए हैं उसको लेकर अधिकारी-कर्मचारी मौके पर जा रहे हैं और उसका निराकरण कर रहे हैं। इस कार्य में उपायुक्त नरेन्द्र बंजारेए जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, येशा लहरे, सतीश यादव, रवि सिन्हाए कुलदीप गुप्ता, कार्यपालन अभियंता अखिलेश चंद्राकर, अरविंद शर्माए संजय अग्रवाल आदि थे।

# आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा : भावना बोहरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 25 अप्रैल।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस हमले में हुई जानमाल की क्षति पर हर कोई शोक व्यक्त कर रहा है वहीं देशवासियों में आक्रोश भी स्पष्ट दिख रहा है। वहीं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी पहलगाम में घटना स्थल पर पहुंचे और वहां की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया वहीं सेना ने आतंकवादियों की तलाश के लिए ऑपरेशन भी शुरू कर दिया है। इसी बीच श्री अमित शाह जी ने इस दुखद घटना में दिवंगत हुए 26 मासूमों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके परिवारजनों से भी मुलकात की और संवेदना व्यक्त की।

इस दुखद घटना पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा निर्दोष नागरिकों पर किया गया कायरतापूर्ण हमला अत्यंत निंदनीय है। यह आतंकवादी हमला न सिर्फ कायरता की पराकाष्ठा है, बल्कि मानवता पर भी गहरा आघात है। किसी का धर्म पूछकर उनकी हत्या करना कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और हमें पूरा विश्वास है की माननीय केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी एवं हमारे भारतीय सेना के जवान, उन सभी आतंकवादियों को उनकी सही जगह जरुर पहुंचाएंगे। इस दर्दनाक घटना में जिन परिवारों ने अपने सगे-संबंधियों को खोया है, उनके प्रति मैं अपनी संवेदनाएं प्रकट करती हूँ। इस कठिन समय में राष्ट्र एकजुट है, और आतंक के विरुद्ध हमारी प्रतिबद्धता अडिग बनी रहेगी। इस हादसे में हमारे रायपुर के श्री दिनेश मिरानिया जी का भी निधन हुआ है और हम पूरे परिवार के साथ इस दुःख की घड़ी में उनके साथ खड़े हैं।यह अत्यंत ही संवेदनशील घटना है और आतंकवाद के खिलाफ हम सभी देशवासी एक जुट होकर पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए साथ हैं।

भावना बोहरा ने आगे कहा कि विगत वर्षों में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर के विकास और वहां की जनता हेतु लिए गए निर्णायक फैसलों से जम्मू-कश्मीर में शांति व अमन कायम हुआ है जो हमारे पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान और आतंकवादियों को रास नहीं आ रहा है, इसलिए इस प्रकार के कायराना हरकत उनके द्वारा कर निर्दोश लोगों की हत्या की जा रही है। जम्मू-कश्मीर में पर्यटन वहां की अर्थव्यवस्था का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है और वहां इस प्रकार की घटना करके शांति भंग करने व जम्मू-कश्मीर में खौफ का माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है लेकिन माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी और हमारे भारतीय सेना के जवान, धर्म के नाम पर हिंसा करने वाले और आतंक फ़ैलाने वाले लोगों को जन्नत जरुर पहुंचाएंगे। पहले पत्थरबाजी करके हमारे सेना के जवानों पर हमला और जम्मू-कश्मीर में आए दिन दंगा फैलाकर वहां डर का माहौल फ़ैलाने वाले लोगों पर जबसे नकेल कसी गई हैं तब से पाकिस्तान और उनके पोषित आतंकी संगठन बौखलाए हुए हैं और ऐसे कुकृत्य कर रहें हैं लेकिन जम्मू कश्मीर भारत का हमेशा से अभिन्न हिस्सा रहा है वहां के निवासियों की सुरक्षा के लिए हमारे सेना के जवान और केंद्र सरकार पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

## मुख्यमंत्री साय ने नितिन शर्मा को किया सम्मानित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 25 अप्रैल।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग छग और नेहरू युवा केन्द्र संगठन रायपुर छग के संयुक्त तत्वाधान में अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य पर राजधानी रायपुर के तेलीबांधा तालाब से अम्बेडकर चौक तक जय भीम पदयात्रा निकाली गई थी। पद यात्रा में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री तंकराम वर्मा, विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा, गुरु खुशवंत सिंह, मोतीलाल साहू, पुरन्दर मिश्रा, युवा आयोग अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर, खेल एवं युवा कल्याण विभाग सचिव आईएएस हिमशिखर गुप्ता, रायपुर एसएसपी लाल उमेन्द्र सिंह सहित अन्य आईएएस, आईपीएस अधिकारियों ने युवाओं के साथ पदयात्रा में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर राज्य में युवाओं के लिए बेहतर कार्य कर रहे युवाओं एवं अधिकारियों को सम्मानित किया गया जिसमें नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग जिला युवा अधिकारी नितिन कुमार शर्मा को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पदयात्रा को संबोधित करते हुए कहा भारत का संविधान हर नागरिक के लिए पवित्र ग्रंथ है जो सभी को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार देता है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने बाबा साहब से जुड़े पांच प्रमुख स्थलों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है जिससे नई पीढ़ी उनके विचारों से प्रेरणा लें। उन्होंने युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा एवं मजबूत करने योगदान करने आव्हान किया और सम्मानित होने वाले युवाओं को शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री साय ने युवाओ के साथ संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया एवं संविधान के प्रति निष्ठा व प्रतिबद्धता रखते हुए प्रियम्बल वाल में हस्ताक्षर किए।

## संकल्प हमारी अमूल्य शक्ति है : सीमा दीदी

**भिलाई, 25 अप्रैल।** इस बेहद सृष्टि रूपी नाटक में हम खुद भी एक्ट कर रहे हैं और दूसरों को भी एक्ट करते देख रहे हैं लेकिन परमात्मा के साथ साक्षी होकर देखेंगे तो इस बेहद सृष्टि नाटक का आनंद आएगा। यह बातें पुना से आई वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी सीमा दीदी ने सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में व्यक्त की।उन्होंने बताया कि संकल्प शक्ति हमारी बहुत अमूल्य प्रॉपर्टी हैए श्रेष्ठ संकल्पों से ही नई सृष्टि का निर्माण होगा। संकल्पों का अभ्यास कर पानी पीएंए पेड़ पौधों को भी पानी देंए क्योंकि प्रकृति और जल हमारे श्रेष्ठ संकल्पों को जल्दी ग्रहण करते हैं। इसलिए मन बुद्धि को श्रेष्ठ संकल्पों में लगाएं।

## जामगांव में आतंकवाद का विरोध



**उतई, 25 अप्रैल।** जामगांव आर मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा कश्मीर के पहलगाम में जिहादी मानसिकता से आतंकवादियों द्वारा कश्मीर में गर्मी के दिनों में वादियों का आनंद लेने गए 28 भारतीय टूरिस्टों की आतंकवादियों द्वारा जाति धर्म को पूछ पूछ कर हिन्दुओं की निर्मम एवं बर्बरता पूर्वक हत्या किए जाने के विरोध प्रदर्शन कर सामूहिक रूप से मृतकों की आत्मा को शांति प्रदान करने के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किसान चौक में किया गया। उक्त अवसर पर मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ,कमलेश वर्मा जनपद उपाध्यक्ष,निर्मल जैन संयोजक, सभापति प्रणव शर्मा, जनपद सदस्य,रामकुमार चंद्राकर,नरेश केला, भगवान सिंह चंद्राकर , देवाशीष बघेल,योगेश्वर साहू,बेनीराम साहू, मनीष जैन,पूर्णेंद्र सिंहा,थाना प्रभारी,मेघनाथ सगरवंशी, राजेश चंद्राकर,मुकेश साहू, अरुण चंद्राकर, राजेश चंद्राकर,नरोत्तम साहू,अंगेश्वर साहू,युधिष्ठिर चंद्राकर,उज्जवल केला,सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी जामगांव आर मंडल के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। सभी के द्वारा इस अमानवीय कृत्य की घोर निंदा करते हुए पाकिस्तान मुर्दा बाद ,आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे के साथ कड़ी निदा व्यक्त कर सभी के द्वारा मृतकों की आत्मा को शांति प्रदान करने सामूहिक श्रद्धांजलि प्रकट किया।

## जामुल भाजपा मंडल ने फूंका आतंकवाद का पुतला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जामुल , 25 अप्रैल।** भाजपा जिला अध्यक्ष पुरषोत्तम देवांगन के निर्देशानुसार, युवामोर्चा जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा के मार्गदर्शन व मंडल अध्यक्ष बंटी गुप्ता के अनुशंसा से भाजपा युवामोर्चा अध्यक्ष सोनू यादव के नेतृत्व में जामुल मंडल द्वारा पहलगाम में हुए निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या के विरोध में आतंकवादी का पुतला दहन किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सर्वप्रथम आतंकी पुतला का मुख्य मार्ग नंदिनी रोड जामुल में भ्रमण करवाया गया और देश के गद्दारों के खिलाफ नारेबाजी की गई। आतंकवादी देश के गद्दारों पर हल्ला बोलते हुए जामुल मंडल के समस्त कार्यकर्ताओं का साथ मिला जिसमे मुख्यतः जिला उपाध्यक्ष रेखराम बंछोर, मंडल अध्यक्ष महामंत्री नूतन वर्मा, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष जोगेश्वर सोनी, जिला अध्यक्ष ह्यष मोर्चा दुर्ग चंद्र प्रकाश मांडले, वरिष्ठ पार्षद दीपक गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष हेमंत देवांगन, मंडल उपाध्यक्ष दीपक सिंह, युवा पार्षद खम्मन ठाकुर, वरिष्ठ पार्षद रामदुलार साहू, पूर्व पार्षद सरस बर्मन, कोषाध्यक्ष सुभाष पांचाल, ह्यह्न मोर्चा अध्यक्ष दौवा राम ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि हलधर साहू, जिला मंत्री ह्यष मोर्चा बी आर रामटेके, युवा महामंत्री अनूप राय, ओमप्रकाश साहू, पूर्व पालिकाध्यक्ष कामीन साहू, किसान मोर्चा अध्यक्ष रामचंद्र साहू, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष अजय निर्मलकर, मंडल मंत्री संजय यादव, राकेश वर्मा, दुलार घोष, वरिष्ठ कार्यकर्ता दिनेश पांडे, प्रह्लाद जंघेल, राजेश यादव, ऋषभ बंछोर, चंपा बाई, योगेश्वरी साहू, दुर्गा मेश्राम, शिव वर्मा, लेखराम पाल, धनेश्वर गौतम, हेमंत बिस्वाल, लल्लन सिंह, अनिल प्रसाद, यशवंत राजपूत, विजय राव, किशन गर्ग, जूनियर ओमप्रकाश, नारायण गौतम, लक्ष्मी नारायण क्षत्रिय, जगदीश देवांगन, शुभम गोस्वामी, पीयूष चौहान, रामकिशुन पटेल, अरुण सिंह, मयंक वर्मा, तिरथ यादव सहित।सैकड़ों कार्यकर्ता और नगरवासियों ने विरोध प्रदर्शन में अपनी भूमिका निभाई।

## देश में केंद्र, राज्य के साथ पंचायत तीसरे स्तंभ के रूप में कार्य करती है: हर्षा चंद्राकर



**उतई, 25 अप्रैल।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की शुरुआत 24 अप्रैल 1993 को हुई, जब 73वां संविधान संशोधन अधिनियम लागू हुआ। इस संशोधन के माध्यम से पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा मिला और पूरे देश में त्रिस्तरीय पंचायत प्रणाली को अपनाया गया। इसी तारतम्य में आज ग्राम पंचायत लोहरसी में भी राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व जनपद अध्यक्ष एव पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती हर्षा चंद्राकर, सरपंच राकेश साहू ,पूर्व मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर के साथ समस्त पंच उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ भीमराव अंबेडकर की तैल चित्र पर माल्यार्पण एव पूजा कर कार्यक्रम की शुरुआत किया गया, इस अवसर पर श्रीमती हर्षा चंद्राकर ने कहा कि सबसे पहले आप सभी नवनिर्वाचित सरपंच एव पंचगणो को हार्दिक शुभकामनाएं बधाई, साथ ही भारत एक लोकतांत्रिक देश है जहाँ शासन की जड़ें जन-जन तक पहुँचाने के लिए पंचायती राज व्यवस्था को लागू किया गया है। गाँवों के विकास और ग्रामीण जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पंचायती राज व्यवस्था एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रणाली है। यह व्यवस्था शासन के तीसरे स्तंभ के रूप में कार्य करती है। इसी व्यवस्था की महत्ता और इसके योगदान को सम्मान देने के लिए प्रत्येक वर्ष 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया जाता है। हैम आशा करते है कि आप सभी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करेंगे गांव की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा आगे बढ़कर कार्य करेंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भारती चंद्राकर उपसरपंच, ज्योति यादव, दुर्गेश ठाकुर, किरण ठाकुर, विक्रम चंद्राकर, मेहुल चंद्राकर, गोदावरी निर्मलकर, रामेश्वरी ठाकुर, सुधीर चंद्राकर, कुसुम चंद्राकर, ममता चंद्राकर, रानी कुर्रे, रूपेंद्र साहू, सिमा विश्वकर्मा, व्यासनारायन चौहान, केसरी साहू, प्रीति चंद्राकर, सोहाद्र चंद्राकर, उमेश चंद्राकर, सोमन यदु, संजय चंद्राकर सहित पंचायत सचिव, तोरण ठाकुर रोजगार सहायक ग्रामीण जान उपस्थित रहे

## नारायणपुर( घुघुवा ) में पंचायती राज दिवस पर विशेष ग्राम सभा,पहलगाम में मारे गए निर्दोषों को मौन श्रद्धांजलि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 25 अप्रैल।** नारायणपुर( घुघुवा) में पंचायती राज दिवस पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख रूप से उपस्थित सभापति प्रणव शर्मा, ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमती शैलेंद्री ढाल सिंह साहू, उपसरपंच शिवनारायण शर्मा, पंचगण मोतीलाल देवांगन, प्रेम शंकर साहू, श्रीमती शारदा शर्मा, ममता कौशिक सहित सभी पंच, समाजसेवी प्रशांत शर्मा, ग्राम पंचायत सचिव अर्जुन सिंगौर, रोजगार सहायक संध्या साहू एवं ग्रामवासीयों द्वारा सर्वप्रथम जम्मू में आतंकवादी घटना में मारे गए निर्दोष देशवासियों की आत्मा के शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना किया गया।

इसके पश्चात छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार विशेष ग्राम सभा में उपस्थित सभी को सभापति ने जल संरक्षण की शपथ दिलाई व ÷एक राष्ट्र एक चुनाव÷ के समर्थन का संकल्प लिया, जल संरक्षण की दिशा में प्रयास किए जाने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभापति प्रणव शर्मा ने कहा कि जल का कृत्रिम निर्माण संभव नहीं इसलिए जल संरक्षण करना अत्यंत आवश्यक है, प्रत्येक घर में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बने इस दिशा में प्रयास किया जाना चाहिए एवं ÷एक राष्ट्र एक चुनाव से समय, धन एवं संसाधनों के अपव्यय पर रोक लगेगी।

# कबीरधाम जिले में 42 अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 25 अप्रैल।** राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस के अवसर पर जिले के सभी ग्राम पंचायतो में ग्राम सभा के दौरान वर्चुअल रूप से जुड़कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रामीणों को पंचायती राज स्थापना दिवस की बधाई देते हुए सभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर से पंचायत राज दिवस के अवसर पर ज़िले के 42 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का वर्चुअल शुभारंभ किया। इसके बाद मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री एवं मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्री विजय शर्मा ने ग्राम भांदा के ग्रामवासियों से चर्चा की। कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड अंतर्गत ग्राम भोंदा में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू , कलेक्टर गोपाल वर्मा , जिला सीईओ अजय त्रिपाठी और जिला पंचायत सहित जनप्रतिनिधि ग्रामीण वचुअर्ल रूप से जुड़े रहे।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने ग्रामसभा को संबोधित करते हुए जल संरक्षण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने रेनवाटर हार्वेस्टिंग पर जोर देते हुए जागरूकता लाने की बात कही। इस दौरान मुख्यमंत्री साय ने ज़िले के जनपद पंचायत बोड़ला के ग्राम पंचायत भोदा की सरपंच श्रीमती कुंज बाई पटेल, महतारी वंदन योजना की हितग्राही श्रीमती कविता पटेल एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू से वर्चुअल चर्चा की गई। अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के संबंध सरपंच ने मुख्यमंत्री को बताया कि गांव के ग्रामीण शासन की योजनाओं का लाभ ले रहे हैं महतारी वंदन योजना पेंशन योजना की राशि का नगद भुगतान अटल डिजिटल सुविधा केंद्र से प्राप्त कर रहे हैं। महतारी वंदन योजना की लाभार्थी से मुख्यमंत्री द्वारा राशि मिलने के संबंध में पूछा गया जिस पर लाभार्थी श्रीमती कविता पटेल ने बताया कि वह आज ही अपने ग्राम पंचायत भोंदा के अटल डिजिटल सुविधा केंद्र से आधार बेस्ड पेमेंट के माध्यम से अपने बैंक खाते से 1000 का आहरण की है। लाभार्थी द्वारा बताया गया कि इन पैसों से वह अपने घर का निर्माण कार्य एवं बच्चों के स्कूल व दैनिक जरूरतो की पूर्ति कर रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू द्वारा मुख्यमंत्री को जिले के 42 ग्राम पंचायतों में डिजिटल सेवा केंद्र प्रारंभ करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा जल संरक्षण की दिशा में काम करने का भरोसा जताया।उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पंचायत दिवस के अवसर पर सभी ग्रामीणों को शुभकामनाएं देते हुए जल संरक्षण के कार्य में सबकी भागीदारी की अपील की। 24 अप्रैल से पूरे प्रदेश में मोर गांव मोर पानी महा अभियान प्रारंभ किया जाएगा जिसके तहत जल संरक्षण अंतर्गत तालाबों रेनवाटर हार्वेस्टिंग सहित विभिन्न संरचनाओं के निर्माण करने तथा पानी रोकने के अभियान को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया गया। प्रत्येक ग्राम पंचायत में इस वर्ष का भू-जल स्तर एवं आगामी समय के भू-जल स्तर को दर्ज करने कहा गया। इसके साथ ही एक देश एक चुनाव पर जोर देते हुए देश की प्रगति एवं जन कल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए एक देश एक चुनाव के अभियान का प्रस्ताव रखा गया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए आगे कहा कि अटल डिजिटल सुविधा केद्रो का विस्तार अन्य ग्राम पंचायतो में यथाशीघ्र किया जाएगा। जिससे ग्रामीण जनता को उनके अपने गांव में ही वित्तीय लेनदेन एवं अन्य शासकीय दस्तावेजों को प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी।

**पंचायत राज दिवस पर जल संरक्षण का हम सब ने लिया संकल्प**

कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के 471 ग्राम पंचायत में पंचायती राज दिवस के अवसर पर ग्राम सभा का आयोजन किया गया था। इस दौरान सभी ग्राम पंचायतो में स्वच्छता स्वास्थ्य सहित जल संरक्षण के विषय में ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

**अटल डिजिटल सुविधा केंद्र से ग्रामीणों के श्रम, समय एवं धन की होगी बचत**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अटल डिजिटल सेवा केंद्र के द्वारा ग्रामीणों को अपने गांव में ही अब वित्तीय एवं अन्य सुविधाएं प्राप्त होंगे। इसके लिए ग्रामीणों को अपने गांव से दूर आने-जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी जिससे उनके श्रम,समय एवं धन की बचत होगी। प्रदेश के 1460 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का शुभारंभ मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री द्वारा आज वर्चुअल किया गया है। इसी कड़ी में कबीरधाम जिले के 42 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्रो का भी शुभारंभ हुआ है।

# उद्योग एवं व्यापार को बढ़ावा देने छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम 1984 में बड़ा बदलाव

■ उद्योग एक ही भू-खंड पर कर सकेंगे दोगुना निर्माण

**रायपुर, 24 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम, 1984 में किए सुधार के चलते अब उद्योग एक ही भू-खंड पर दोगुना निर्माण कर सकेंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की विशेष पहल पर हुए इस संशोधन से राज्य में उद्योगों एवं व्यावसायिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम में संशोधन 24 दिसंबर 2024 को अधिसूचित किए गए हैं।

फ्लैटेड इंडस्ट्रीज़ के लिए फ्लोर एरिया रेशियो (एफएआर) को 1.5 से बढ़ाकर 3.0 किया गया है, जिससे उद्योग एक ही भूखंड पर अब दोगुना निर्माण कर सकेंगे। इससे विशेष रूप से एमएसएमई और स्टार्टअप्स को कम लागत में अधिक उपयोग योग्य स्थान उपलब्ध होगा। औद्योगिक प्लॉट्स के लिए ग्राउंड कवरेज को 60 प्रतिशत से बढ़ाकर 70 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके साथ ही सेटबैक में कमी की गई है, जिससे ज़मीन का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित हो सकेगा।



नगर पालिका क्षेत्रों और विकास प्राधिकरण क्षेत्रों में व्यावसायिक भवनों के लिए न्यूनतम 5.0 एफएआर निर्धारित किया गया है। जिन भूखंडों का क्षेत्रफल 5 एकड़ या उससे अधिक है और जिन तक 100 मीटर चौड़ी सड़क की पहुँच है, उन पर एफएआर 5.0 लागू होगा। यदि ये भूखंड सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक (सीबीडी) या ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवल्पमेंट (टीओडी) ज़ोन में आते हैं, तो उन्हें अतिरिक्त 2.0 एफएआर की अनुमति होगी, यानी कुल एफएआर 7.0 तक हो सकेगा।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का कहना है कि इन सुधारों से राज्य में आधुनिक औद्योगिक तथा व्यावसायिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इससे निवेश में वृद्धि, रोजगार सृजन और राज्य की आर्थिक प्रगति को नई दिशा मिलेगी। नगर एवं ग्राम निवेश विभाग ने इन संशोधनों को उद्योग हितैषी नीति के तहत तैयार किया है, ताकि छत्तीसगढ़ में औद्योगिक एवं व्यावसायिक निवेश को बढ़ावा मिल सके।

## एक नजर

### सुशासन तिहार: नगरी में पेयजल की किल्लत व्यवस्था में तत्काल सुधार किया जाए

**नगरी, 25 अप्रैल।** इस समय समूचे छत्तीसगढ़ राज्य में सुशासन तिहार चल रहा है जिसमें सारी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है परन्तु नियमित चलने वाला पेयजल की सप्लाई नगरी नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 3 रामनगर में ठप्प पड़ गयी है रामनगर के आम जनता को पेयजल की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है. बता दें कि विगत दो वर्षो से पेयजल की सप्लाई सहीं ढंग से नहीं हो रहा है। किसी जमाने में पेयजल का पानी प्रथम लेंटर में बिना किसी दिक्कत के चढ़ जाया करता था जब उस समय आधुनिक तकनीक की कमी थी। जब अब नई-नई तकनीक के सहारे नलजल योजना का संचालन किया जा रहा है, वह भी नगर पंचायत नगरी में फेल हों चुका है। हद तो तब हो जाती है जब कभी भी पानी की सप्लाई बन्द हों जाती है। आज इस भरे गर्मी में पानी का सप्लाई रामनगर वार्ड मंडी के पीछे हुआ ही नहीं और न ही पानी का टेंकर मोहल्ले में आया। लोग पानी के लिए भटकते नजर आए। विगत दो वर्षो से नलजल योजना का सही रफ्तार से सप्लाई ही नहीं हो रहा है। पानी आता भी है तो थोड़ा-थोड़ा आता है।

### पहलगाम में मासूमों पर हमला कायरता, इंसानियत पर प्रहार

**छुरिया, 25 अप्रैल।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर दिया है। इस बर्बर हमले में 26 निर्दोष नागरिकों की हत्या हुई, जिनमें महिलाएं, बच्चे, नवविवाहित जोड़े और एक वायुसेना कर्मी शामिल हैं। छत्तीसगढ़ के रायपुर निवासी दिनेश मिरानिया का भी इस हमले में निधन हुआ। जिला पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने घटना की निंदा करते हुए इसे कायरता की पराकाष्ठा और मानवता पर हमला बताया। श्रीमती वैष्णव ने कहा कि धर्म पूछकर निर्दोषों की हत्या करना अमानवीय है और ऐसा करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्वयं घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सुरक्षा बलों ने आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन तेज कर दिया है। श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने विश्वास जताया कि केंद्र सरकार और भारतीय सेना आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब देगी। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में अमन और विकास की राह में रोड़ा बनने वालों को मुंह की खानी पड़ेगी। आतंक और आतंकवादियों को संरक्षण देने वाले पकिस्तान के खिलाफ भारत ने भी कड़ा रुख अपनाते हुए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की अध्यक्षता में हुई सीसीएस की बैठक में लिए गए कठोर निर्णय हर भारतीय को आतंक व अतंगवादियों को समूल नष्ट करने हेतु भारत की निर्णायक क्षमता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भारत का यह सख्त रवैया न केवल आतंक की फैक्ट्री पाकिस्तान को विश्व मंच पर पुनः उजागर करेगा, बल्कि उसके नापाक मंसूबों को कुचलकर नकेल कसने का काम भी करेगा।

### कलेक्टर के निर्देश पर अपर कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

**धमतरी 25 अप्रैल।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर आज अपर कलेक्टर श्रीमती रीता यादव ने राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व संबंधी प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने ने तहसीलवार राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की और प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने अविवादित नामान्तरण एवं बंटवारा के सभी प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत करने कहा। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा देवहारी सहित राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में विवादित एवं अविवादित नामांतरण, विवादित एवं अविवादित बटवारा, नक्शा बटांकन, व्यपवर्तन, अभिलेख शुद्धता, आरबीसी 6-4, स्वामित्व योजना, आधार प्रविष्टि, भू-अर्जन, वसूली आदि प्रकरणों के निराकरण की तहसीलवार समीक्षा करते हुए नक्शा बटांकन के कार्य में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाने निर्देश दिये। साथ ही न्यायालयवार ई-कोर्ट की प्रगति, डायवर्सन, आधार सीडिंग, भू-अर्जन के प्रकरणों, राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 सहित मुख्यमंत्री जन शिकायत और कलेक्टर जनदर्शन के आवेदनों पर भी गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही करने कहा।

### सुनील बंसोड़ सम्मानित

**राजनांदगांव, 25 अप्रैल।** ऑडिटोरियम में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित डॉ भीमराव अम्बेडकर सम्मान सभा में मध्यप्रदेश के नगरीय प्रसाशन मंत्री आदरणीय कैलाश विजय वर्गी जी के हाथो एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान मे विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह की उपस्थिति मे सुप्रसिद्ध लोक गायक सुनील बंसोड़ का सम्मान किया गया।

# बिजली कटौती से आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्काजाम करने किया प्रयास

■ मामला लालबहादुर नगर फीडर का, मक्काटोला चौक पर किया प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 25 अप्रैल।** अघोषित रूप से विघुत कटौती के विरोध में आधा दर्जन से अधिक गाँव के आक्रोशित ग्रामवासियों के द्वारा गुरुवार को दिन 11 बजे से दोपहर 2.30 बजे डोंगरगढ़ चिचोला मार्ग पर प्रदर्शन करते चक्काजाम करने का असफल प्रयास किया गया. इसकी भनक लगते ही छुरिया, चिचोला, बोरतलाव सहित मोहारा चौकी पुलिस सहित जिम्मेदार अधिकारी मौके पर पहुंचे और आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया गया परंतु ग्रामीण क्षेत्र में अघोषित रूप हो रही विघुत कटौती से नाराज होकर समस्या से निदान को लेकर डटे रहे. ग्रामीणों ने आरोप लगाया गया कि मक्काटोला, डिंगोकाल,मानिकपुर, गोविंदपुर, खुबाटोला, बरमपुर, गोविंदपुर, झंडातालाब, मोतीपुर, हीरापुर सहित आसपास के गाँवो में विघुत विभाग के द्वारा अघोषित रूप से किसी भी समय विघुत आपूर्ति ठप्प कर दी जाती है साथ ही साथ जब विघुत प्रवाह संचालित रहती है उस समय लोड शेड की समस्या



निर्मित हो जाती है जिसके कारण पेयजल से लेकर बच्चों की पढ़ाई से लेकर किसानी कार्य ठप्प सा पड़ जाता है और वहीं इस तपती गर्मी में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक बिजली कट जाने से बच्चे तो बच्चे जवान भी गर्मी से हलाकान और परेशान हो रहे है यह समस्या पिछ्ले कई महीनों से निर्मित है जिसकी जानकारी विभाग के आलाधिकारियो को देने के बाद भी समस्या घटने के बजाए नित प्रतिदिन बढ़ती जा रही है. आलम यह हो गया है कि क्षेत्रवासियो को पीने का पानी तक नसीब नहीं हो रहा है. क्षेत्रवासी इस कदर आक्रोशित थे कि मौके पर उपस्थित जिम्मेदार अधिकारियों को डोंगरगढ़ शहर में अघोषित बिजली कटौती करने व अधिकारियों को मुख्यालय में उपस्थित नहीं रहने का आरोप लगाते हुए आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन कर चक्काजाम करने की चेतावनी दी जा रही थी तो दूसरी ओर जिम्मेदार अधिकारी लाचार और बेबस नजर आ रहे थे।

# करवारी रोड में हुए अंधे कत्ल का पर्दाफाश

■ आरोपी ओमकार मण्डावी ने दिया था हत्या करने की सुपारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 25 अप्रैल।** ग्राम लतमर्रा से करवारी जाने वाले रोड मुख्य मार्ग पर 20 अप्रैल को ग्राम लतमर्रा में एक अज्ञात व्यक्ति की खुन से लथपथ शव मिली थी जिसे हत्त्या कर फेंक देने के कयास लगाए जा रहे थी जिसे थाना डोंगरगढ़ पुलिस ने इस अंधे कत्ल के राज से पर्दा उठाने में सफलता प्राप्त की है. पुलिस से मिले प्रेस नोट में बताया गया कि अंधे कत्ल की विवेचना दौरान अज्ञात मृतक का देवलाल मण्डावी पिता स्व0 रामहू मण्डावी उम्र- 35 साल निवासी कन्हारगांव मोहारा थाना डोंगरग के रूप में पहचान किया गया। अज्ञात आरोपी के पता तलाश दौरान घटना दिनांक को मृतक देवलाल मण्डावी को ग्राम करवारी निवासी योगेश चौरे के



साथ स्कूटी में जाते देखना पता चला जिस पर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी का पता तलाश किया गया। सीसीटीवी फुटेज एवं तकनीकी साक्ष्य आधार पर संदेही योगेश चौरे निवासी ग्राम करवारी, महेन्द्र नेताम निवासी ग्राम करवारी एवं ओमकार मण्डावी को हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया। पुछताछ पर पता चला कि आज से एक साल पहले मृतक देवलाल मण्डावी आरोपी ओमकार मण्डावी जो ईटभट्ठा का ठेकेदारी का काम करता है जिससे लगभग 02 लाख 50 हजार रू0 उधार लिया था आारोपी ओमकार मण्डावी द्वारा पैसा वापस मांगने पर देवलाल मण्डावी हमेशा झगड़ा लड़ाई करते था और धमकी भी देता था.

# जब गांव मजबूत होगा तो देश मजबूत होगा: किरण

■ राष्ट्रीय पंचायती दिवस पर स्वामित्व योजना अंतर्गत 64 हितग्राहियों को मिला भूमि का अधिकार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया, 25 अप्रैल।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव पंचायती राज दिवस के अवसर पर खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रंगीटला में स्वामित्व योजना अंतर्गत पट्टा वितरण कार्यक्रम में शामिल हुई। स्वामित्व योजना अंतर्गत कुल 64हितग्राहियों को भूमि का अधिकार प्रमाण पत्र वितरण किया गया।



जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविंद्र वैष्णव ने ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा द्वारा स्वामित्व योजना की शुरुआत की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों को उनका संपत्ति का अधिकार मिल सके इस उद्देश्य से योजना की शुरुआत की गई थी। श्रीमती वैष्णव ने कहा कि जब गांव मजबूत होगा तो देश मजबूत होगा आज ग्राम रंगीटोला में 64 हितग्राहियों को स्वामित्व योजना अंतर्गत पट्टा का वितरण किया गया है निश्चित रूप से ये संपत्ति कार्ड न केवल बैंकिंग सेवाओं और औपचारिक ऋण तक की सुविधाएं प्रदान करते हैं।

बल्कि विवाद समाधान के लिए शक्तिशाली उपकरण के रूप में भी काम करते हैं।इस अवसर पर जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष संजय सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य अनिता मंडावी, जनपद उपाध्यक्ष प्रशांत ठाकुर, राजेश्वर धुर्वे,उभेय राम मंडावी, उत्तरा निषाद,चुनिया बाई,संगीता मंडलोई, तहसीलदार विजय कठोरी, नायाब तहसीलदार साहु जी,खेदूराम सिन्हा,अतीश सिन्हा,खुस डड़सेना, पुनाराम, अरविंद नांदेश्वर सहित ग्रामवासी उपस्थित थे..

# अवैध शराब बिक्री और सार्वजनिक स्थान पर सेवन, आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगांव, 25 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव दिलीप सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास के नेतृत्व में थाना डोंगरगांव पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही की है। पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुछ स्थानों पर अवैध शराब बिक्री की जा रही है। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम गठित कर संबंधित स्थानों पर घेराबंदी कर रेड की कार्यवाही की गई। रेड के दौरान ग्राम उमरवाही निवासी विशाल शेंडे उर्फ विंशु पिता शंकर लाल शेंडे, उम्र 24 वर्ष तथा ग्राम करेठी निवासी हिरेंद्र कुमार ठाकुर पिता स्व. सत्तरराम ठाकुर, उम्र 31 वर्ष को अवैध रूप से देशी शराब बेचते पकड़ा गया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(1)(ख) आबकारी एक्ट के तहत दो प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है।

आरोपियों के पास से कुल 48 पौवा देशी प्लेन शराब तथा 420 रुपये अवैध बिक्री की राशि जप्त की गई। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते पाए जाने पर ग्राम करेठी निवासी खिलेश देवांगन पिता चैत राम देवांगन, उम्र 22 वर्ष तथा टिकेश साहू पिता खम्मन साहू, उम्र 30 वर्ष के विरुद्ध धारा 36(च) आबकारी एक्ट के तहत दो अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए गए हैं। थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा क्षेत्र में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध यह कार्यवाही सतत रूप से जारी रहेगी।

# एक राष्ट्र-एक चुनाव लोकतंत्र को सशक्त करने की ओर ऐतिहासिक पहल: सुरेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया, 25 अप्रैल।** खुज्जी विधानसभा स्तरीय एक राष्ट्र एक चुनाव के विषय को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष व वरिष्ठ नेता सुरेश एच लाल जी उपस्थित हुए।इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष लाल साहब ने एक राष्ट्र एक चुनाव के विषय में संबोधित करते हुए कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव चुनाव प्रणाली को बेहतर बनाने का प्रयास ही नहीं है, बल्कि यह विकसित भारत की दिशा में एक बड़ा कदम है! एक ही समय पर सभी चुनाव होने से करीब ?4.5 लाख करोड़ की बचत होगी, जो देश की जीडीपी के 1.5% के बराबर है। ÷एक राष्ट्र, एक चुनाव÷ से होने वाली बचत से देश में विकास के नए अध्याय लिखे जा सकते हैं।भारत की चुनाव प्रणाली को बेहतर बनाने और सुरक्षा, प्रशासन व संसाधनों पर भार कम करने की तरफ़ बेहतरीन कदम है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने भी संबोधित करते हुए कहा कि ÷एक राष्ट्र, एक चुनाव÷ से होने वाली बचत से देश में विकास के नये आयाम स्थापित होंगे।




### अनिश्चितताओं का शहर कश्मीर, दहशत के साए में घाटी के लोग

# आतंकी हमले के दौरान मौजूद जांभुलकर परिवार कश्मीर से सुरक्षित लौटा

■ सुरक्षा कर्मी जान हथेली पर लेकर कर रहे हैं अपने दायित्वों का निर्वहन

■ रोजी - रोटी की चिंता में विरोध प्रदर्शन किया घाटीवासियों ने

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 25 अप्रैल।** दहशत गर्दो का भय खत्म होते ही सैलानियों ने बड़ी संख्या में कश्मीर की खूबसूरत वादियों में दस्तक दी थी।इससे जम्मू से लेकर श्रीनगर की खूबसूरत जन्नत नुमा घाटियां गुलजार हुईं। लोगों का व्यापार सुनिश्चित हुआ। इन सब के बीच 22 अप्रैल को दोपहर 2:00 बजे के मध्य आतंकवादियों द्वारा घटित घटना ने कश्मीर वासियों सहित देशवासियों को दहशत के साए में डालकर धर्म के नाम से उलझाते हुए दर्जनों बेकसूर लोगो को मौत के घाट उतार दिया। आतंकवादीयों द्वारा घटित घटना से दर्जनो बेकसूर लोग घायल भी हुए है।जिसमें से अधिकांश की हालत नाजुक बनी हुई। 17 अप्रैल से 23 अप्रैल के मध्य कश्मीर के विभिन्न घाटियों का मनोरम दृश्य देखने गए डोंगरगढ़ निवासी विलास जांभुलकर सहपरिवार कश्मीर में थे।22 अप्रैल को आतंकवादियों द्वारा घटित घटना के दौरान प्रत्यक्षदर्शी के रूप में उपस्थित श्री जाँभुलकर ने नजदीक से घटनाक्रम को देखा। वह



उपस्थित लोगों के मन में व्याप्त दहशत, होटल व्यवसाई से लेकर टैक्सी चालक,घुड़सवार, डल झील व्यवसाई , सोनमर्ग, गुलमर्ग,पहलगाम सहित विभिन्न खूबसूरत घाटीयो में व्यापार करने वाले सभी व्यवसायियों के मन में व्याप्त चिंता की लकीर को श्री जाँभुलकर ने नजदीक से देखा। जो आतंकवादीयो द्वारा घटित घटना के



बाद अपने भविष्य के रोजगार को लेकर चिंतित नजर आ रहे थे। 20 अप्रैल को रामबन जिले से होकर श्रीनगर आने वाले मुख्य मार्ग में बादल फटने से लगभग आधा किलोमीटर मार्ग बह गया। जिससे श्रीनगर और जम्मू आने - जाने वालों के लिए मार्ग अवरुद्ध हो गया। जम्मू से श्रीनगर आने वाले व श्रीनगर से जम्मू वापस जाने वाले सेनानियों को मार्ग के खुलने का इंतजार था। इसे लेकर प्रदेश शासन से लेकर शासन प्रशासन जिसमें सेना के जवान भी शामिल थे,जिन्होंने दिन रात एक कर प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों का रेस्क्यू कर राहत पहुंचाई और मार्ग के पुनः प्रारंभ करने की दिशा में युद्ध स्तर पर कार्य प्रारंभ कर दिया। इस बीच विकल्प के रूप में सेनानियों और कश्मीर वासियों द्वारा मुगल मार्ग से आना - जाना प्रारंभ कर दिया था। जो की अत्यंत कठिनाइयां वाला मार्ग है। सुरक्षा के लिहाज से इस मार्ग पर आवा - जाहि प्रशासन द्वारा पूर्णता बंद कर दी गई थी। जिसे सुरक्षा के साए में आम जनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पुनः प्रारंभ किया गया। शासन प्रशासन से लेकर सेना के आला अधिकारियों का ध्यान जम्मू से श्री नगर आने वाले मार्ग के पुनः प्रारंभ करने को लेकर लगा रहा। और इसका फायदा उठाते हुए आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को दर्जनों सेनानियों की निर्मम हत्या कर केंद्र व राज्य सरकार के सामने चुनौती पेश कर दी।

**जब आतंकियों ने बर्फ की चादर का आनंद उठा रहे सैलानियों पर ताबड़तोड़ फायरिंग की**-पहलगाम स्थित मुख्य पार्किंग स्थल से लगभग 1 से डेढ़ किलोमीटर ऊपर पहाड़ी पर स्थित बर्फीले मैदान में बर्फ का आनंद ले रहे सैकड़ो सैलानियों पर आतंकवादियों द्वारा ताबड़तोड़ फायरिंग की गई।

## समाचार संक्षेप

### धर्मनगरी डोंगरगढ़ में खुलेआम बिक रही अवैध शराब

**डोंगरगढ़, 25 अप्रैल।** नकली होलोग्राम व दिगर राज्य की दारू सहित नकली दारू बना राज्य सरकार को करोड़ो रू के राजस्व का चूना लगाने के राज के पर्दाफाश होने के बाद भी हर धर्म के प्रतीक मानें जाने वाले डोंगरगढ़ के 24 वार्डो में लगभग 15 वार्डो में अघोषित बार लगाकर मदिराप्रेमियो की प्यास बुझाई जा रही है जिसे देखने वाले उस वार्ड के प्रथम जनप्रतिनिधि सहित दोनों प्रमुख पार्टी के नेतागणों सहित डोंगरगढ़ की प्रथम नागरिक विधायक हर्षिता बघेल सहित नगरवासी भलीभाँति परिचित है परंतु नगर में गंदगी साफ करने के बजाए सरकार द्वारा भट्ठी खोले जाने पर पर्यटन क्षेत्र का हवाला देकर व समाज विशेष द्वारा आपत्ति दर्ज कर अनजाने में इस अवैध शराब कार्य को संचालित करने वाले कोचियाओं को संरक्षण दे इनके हौसले बुलंद करते दिगर राज्य की शराब व नकली शराब बना खपा पैसों की लालच में लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर आबकारी व पुलिस की मिलीभगत से राज्य शासन की भाजपा सरकार के मुँह पर कसकर तमाचा मारते नजर आ रहे है. वहीं दूसरी ओर शिकायत के बाद पुलिस द्वारा दिगर राज्य की शराब का शराब सहित नकली होलोग्राम, स्टिगर, बाटल, पानी बोतल व स्प्रीट सहित लेबल लगाने की मशीन के आलावा आरोपियों के घर के तलघर से नकली शराब बनाने की अन्य सामार्गी जप्त कर अपराध में शामिल लगभग 14 आरोपियों की गिरफ्तारी कर आबकारी एक्ट की मामूली धारा लगाकर पेश किया गया जिससे कई प्रकार के सवाल खड़े किये जा रहे है.



### एक देश-एक चुनाव कार्यक्रम पहलगाम आतंकी हमले के कारण स्थगित

**कुरूद, 25 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा कुरूद विधायक प्रतिनिधि, एवं वंदे मातरम् सेवा समिति कुरूद के अध्यक्ष भानू चंद्राकर के नेतृत्व में मंगल भवन कुरूद में आज दिनांक 23 अप्रैल को शाम 5:00 बजे आयोजित एक देश एक चुनाव संगोष्ठी का कार्यक्रम कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी घटना जिसमें 28 हिंदू, पर्यटकों की बेरहमी से हुई नरसंहार में मारे गए। पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उपरोक्त कार्यक्रम स्थगित किया गया। इस घटना के लिए नगर-क्षेत्र के सभी सामाजिक संगठनों, सरकारी संस्थाओं एवं राजनीतिक दलों, की ओर से घोर निंदा किया गया। और कहा। आतंकियों को मृत्युदंड से कम सज़ा न हो एवं समस्त मृतात्मा के परिजनों को भगवान भोलेनाथ शक्ति दें इस भाव के साथ श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। वहीं कुरूद के प्रतिष्ठित व्यवसायी शिव प्रताप ठाकुर जी के धर्मपत्नी श्रीमती राजकिरण ठाकुर जी को भी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। श्रद्धांजलि देने वालो में वन्देमातरम परिवार के अध्यक्ष भानू चन्द्राकर, पार्षदगण महेन्द्र गायकवाड़, राजकुमारी ध्रुव, कविता चन्द्राकर, लोकेश साहू मोहेन्द्र चन्द्राकर, थनेश्वर तारक, विकास चन्द्राकर, मुलचंद सिन्हा, संतोष बैस, राजेश पांडे, प्रसन्ना नायडू, अनुराधा साहू ओमप्रकाश साहू टेकू साहू शत्रुघ्न साहू, भक्खु सेन, उत्पल ढीवरिंया, राजू साहू, रजनी साहू,श्यामा नागर्ची, दीपमाला यादव, गेंदलाल साहू, सतीश सिन्हा, चंदन अंसारी, भूपेन्द्र साहू , संतोष बैस , प्रवीण कटारिया नवीन चंद्राकर ,रमन पटेल ,उमेश साहू ,हितेंद्र ध्रुव, कुमारी ध्रुव, वंदना चंद्राकर, किरण सारथी, किरण दीवान,सहित बड़ी संख्या में संघ-संगठन के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिकगण, पत्रकार बंधु, शामिल थे।




### दानवीर भामाशाह जयंती महोत्सव पर शोभायात्रा निकाली गई



**कुरूद, 25 अप्रैल।** तहसील साहू समाज कुरूद के तत्वाधान में दानवीर भामाशाह जयंती महोत्सव एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन पुराना कृषि उपज मंडी प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव थे। शोभायात्रा नगर के चंडी मंदिर से निकलकर नगर भ्रमण करते हुए पुराना कृषि उपज मंडी प्रांगण पहुंची। कार्यक्रम की शुरुआत साहू समाज की कुलदेवी भक्त शिरोमणि माता कर्मा एवं दानवीर भामाशाह के पूजा-अर्चना एवं आरती से हुई। तत्पश्चात अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। स्वागत भाषण देते हुए तहसील संघ के अध्यक्ष राधेश्याम साहू ने कहा कि हम सब सौभाग्यशाली है कि हमारा जन्म तेली वंश में हुआ है। जहाँ भक्त माता कर्मा और दानवीर भामाशाह की गौरव गाथा है। इस गौरव को बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। आज समाज की दिशा और सोच बदलने की जरूरत है।साहू समाज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। हमारी समाज की विशेषता है कि हम मेहनत और ईमानदारी की रोटी खाते है। हम किसी से छीनते नही। इसलिए समाज की पूरे प्रदेश में एक अलग पहचान है। कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि चंदूलाल साहू अध्यक्ष छ. ग.राज्य भंडार निगम ने कहा कि दानवीर भामाशाह साहू समाज के गौरव है। हमें उनसे प्रेरणा लेकर समाज के कल्याण के लिए यथाशक्ति दान करना चाहिए।

पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि विचार बड़ा होना चाहिए, संख्या बड़ा होने से कोई महान नही होता। सामाजिक समरसता हमारा मूल होना चाहिए, दूसरे समाज से हमारे रिश्ते कैसे है यह बड़ी बात है। समाज मे अनुशासन बहुत जरूरी है, अनुशासन भंग होती है तो विकृति पैदा होती है।हमें साथ मिलकर अनुशासन का पालन करना चाहिए। कार्यक्रम को साहू समाज धमतरी के जिला अध्यक्ष अवनेंद्र साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू ने भी संबोधित किया।

### प्याऊ घर का शुभारंभ




**छुरिया, 25 अप्रैल।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ विकास खंड छुरिया द्वारा जल है तो कल है प्याऊ घर सप्ताह का शुभारंभ नगर पंचायत छुरिया में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव जी द्वारा किया गया।इस अवसर पर नगर पंचायत छुरिया अध्यक्ष अजय पटेल, मंडल मंत्री नैन सिंह पटेल, पार्षद टामेश कुम्मकार उपस्थित रहे। श्रीमती वैष्णव ने कहा कि जल है तो कल है आज भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ विकास खंड छुरिया द्वारा प्याऊ घर का शुभारंभ किया है।जो बेहद प्रसंनीय है। निश्चित रूप से किसी प्यासें को पानी पिलाना पुण्य का काम है । मैं आप सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं देती हूं। हम सभी को मिलकर जल का संरक्षण भी करना आवश्यक है। आप सभी के द्वारा किए गए कार्य निश्चित रूप से एक प्रेरणा है।

बड़े देश छोटे गरीब देश का उपयोग बड़े देश में अराजकता फैलाने के लिए ऐसे काम में करते हैं जिससे देश विकास के रास्ते से भटकर अशांति व अराजकता के भंवर में फंस जाए। पाकिस्तान हमारा दुश्मन देश है, वह हमारे बारे में कभी अच्छा नहीं सोचता है।हमको उससे हमेशा सजग रहने की जरूरत है क्योंकि कई बार ऐसा लग सकता है कि यह काम पाकिस्तान ने किया है लेकिन हकीकत में वह काम कोई और बड़ा देश करवाने वाला हो सकता है।देश में अराजकता फैलाने के लिए 14 के बाद से कई बार बड़ी कोशिश हुईं हैं। किसान आंदोलन हो, शाहीन बाग का धरना हो, सीएए के नाम पर कराए गए दंगे हो। इसी तरह संसद के भीतर पेगासस,हिंडनबर्ग,राफेल,अडानी के नाम पर कई सत्रों में हंगामा हुआ। यह सब संसद व संसद के बाहर अराजकता फैलाने का प्रयास था। देश में मजबूत सरकार थी, इसलिए बड़े देश भारत में अराजकता फैलाकर उसके विकास की तेज गति को रोक नहीं सके। बांग्लादेश में कैसे अमरीका ने एक चुनी हुई सरकार को तख्ता पलट फर्जी छात्र आंदोलन के नाम कर किया गया यह आज किसी से छिपा हुआ नहीं है।वक्फ संशोधन बिल के नाम पर देश में मुसलमानों का एक वर्ग सरकार से नाराज है। देश के लोग इस बिल को लेकर दो भागों में बंटे हुए है एक वर्ग इसे मुसलमानों के हित में मानता है तो दूसरा वर्ग इसे मुसलमानों के हित में नहीं मानता है।ऐसे वक्त में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में चुन चुन कर हिंदुओं को मारने का मकसद भी देश को अराजकता की भट्ठी में झोंक देने का था। हिंदुओं की शिनाख्त कर मारने को लेकर देश में बहुत गुस्सा पैदा हुआ।हर किसी ने कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक आतंकियों के इस नरसंहार को विरोध किया और इसे सबने मानवता की हत्या बताया।किसी आंतकवादी घटना पर ऐसा गुस्सा देश में पहले कभी पैदा नहीं हुआ। ज्यादातर लोगों को खून खौल रहा था। यही आतंकवादी चाहते थे, आतंकवादियों से यह करवाने वाला देश चाहता था और उस छोटे देश का उपयोग कर रहा बड़ा देश भी चाहता था। देश में आतंकवादी घटना पर बहुत गुस्सा पैदा हुआ लेकिन अच्छा यह हुआ कि इस गुस्से के कारण न हिंदुओं ने मुसलमानों पर हमला किया और न ही मुसलमानों ने हिदुओं पर हमला किया। हिंदू मुसलमान दंगा नहीं हुआ।आतंकवादियों ने सोचा होगा कि हम हिंदुओं को मारेंगे तो भारत में हिंदू मुसलमान दंगा भड़केगा लेकिन देश के लोगों में बहुत गुस्सा होने के बाद यह गुस्सा आतंकवादियों के खिलाफ ही था। सबने इसके लिए आतंकवादियों को बुरा भला कहा है, यहां तक कि कश्मीर के लोगों ने आतंकवादियों को बुरा कहा है। कश्मीर के लोगों को यह बात समझ में आई है कि आतंकवादी कश्मीर व कश्मीर के लोगों को भला नहीं चाहते हैं, वह चाहते हैं कश्मीर के लोग गरीब रहे,कश्मीर में अशांति रहे और वह उनका उपयोग आतंकवाद व अलगाववाद को

## संपादकीय

# अच्छा है वह जो चाहते थे,वैसा नहीं हुआ

बढ़ावा देने के लिए कर सके। पहली बार कश्मीर के लोगों को लगा कि आतंकवादियों ने बहुत बुरा किया है, उनकी रोजीरोटी पर चोट की है। जम्मू कश्मीर यदि पर्यटक ही मारे जाएंगे तो यहां कौन घूमने आएगा। कोई घूमने नहीं आएगा तो रोजीरोटी कैसे चलेगी। यह वक्त है देश की सरकार व कश्मीर के लोगों के लिए उन लोगों की पहचान करने की,उनका खात्मा करने व करवाने की जो विदेशी आतंकवादियों का सहयोग कर रहे है यह जानते हुए भी कि यह लोग कश्मीर का भला नहीं चाहते हैं। देश का भला नहीं चाहते हैं। देश के हिंदू मुसलमान की तरह बहुत गुस्सा होते हुए मोदी सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कोई बड़ा व कड़ा कदम नहीं उठाया है जिससे दोनों देश के बीच युध्द शुरू हो जाए। देश के लोग तो चाहते थे कि मोदी सरकार तुरंत एक्शन ले, हर एक्शन पर देश की जनता मोदी के साथ खड़ी है। मोदी सरकार ने बहुत संतुलित व ऐसा फैसला किया है कि जिससे पाकिस्तान को यह मैसेज जाएगा कि तुम अब सुधर जाओ नहीं तो मजबूरी में ऐसे बड़े कदम उठाने पड़ेगे जिससे पाकिस्तान को बहुत नुकसान होगा, पाकिस्तान की जनता को बहुत नुकसान होगा।मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर में भारतीय पर्यटकों के मारे जाने पर अपना गुस्सा जताने के लिए पांच फैसले किए है।यह है 1960 का सिंधु जल समझौता निरस्त करना,अटारी वाघा बार्डर बंद करना,पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे में भारत छोड़ने का निर्देश, पाकिस्तान उच्चायोगके सैन्य दल को एक सप्ताह में भारत छोड़ने का निर्देश,इस्लामाबाद से भारत के रक्षा, नौसेना व वायु सेना सलाहकारों को बुलाना। पहलगाम आतंकी हमले पर भारत से जनता कड़ी कार्रवाई की उम्मीद कर रही थी ऐसे में भारत सरकार के पांच फैसले कई लोगों को कड़ा कदम नहीं भी लग सकता है,यह भी लग सकता है कि ऐसे कदमों से पाकिस्तान सुधरनेवाला नहीं है। देश के मुखिया के तौर पर और भारत को विश्व का सबसे तेज गति से विकास करता हुआ देश बनाने के लिए पीएम मोदी सही फैसला लिया है। सैन्य कार्रवाई की जगह कूटनीतिक व चेतावनी देने वाली कार्रवाई ज्यादा अच्छी है क्योंकि इससे दोनों देशों के बीच युध्द भी शुरू हो सकता था। चीन पाकिस्तान का उपयोग भारत को युध्द के लिए उकसाने के लिए कर सकता है। दोनों देश के बीच युध्द शुरू हो जाए तो वह पाकिस्तान की मदद उसी तरह करता जैसे यूक्रेन का अमरीका,युरोपीय देशों ने किया। इससे होता क्या वह भारत जो अमरीका, रूस के बाद कई क्षेत्रों में तीसरे नंबर पर है, वह युध्द में फंसकर तेज विकास नहीं कर पाता और चीन के लिए चुनौती नहीं बन पाता। चीन तो चाहता है कि भारत तेज गति से विकास न कर सके क्योंकि भारत तेज गति से विकास करता रहेगा तो वह चीन के लिए चुनौती बन सकता है। मोदी चाहते तो तत्काल सेना के जरिए जवाब देकर देश के लोगों का खुश कर सकते थे। लेकिन उन्होंने हर संभव युध्द से बचने का प्रयास किया है क्योंकि यह मजबूत भारत के लिए जरूरी है। सेना का उपयोग किए बिना ही पीएम मोदी ने पाकिस्तान को कई क्षेत्रों में कमजोर किया है। उनका ताजा फैसला सिंधु जल समझौता स्थगित करना भी पाकिस्तान को कृषि,पानी,ऊर्जा आदि कई क्षेत्रों में कमजोर करने वाला है, इसमें वक्त लग सकता है लेकिन इससे पाकिस्तान कमजोर होगा, वहां की जनता की तकलीफ बढ़ेगी तो जनता ही सरकार व सेना को इसके लिए दोषी मानकर सबक सिखाएगी। पीएम मोदी जो काम सेना के जरिए कर सकते थे, वही काम उन्होंने पाकिस्तान के जनता से करवाने की योजना बनाई है।पीएम मोदी देश के ऐसे नेता है कि वह अपने दुश्मन को लड़कर हराने में यकीन नहीं करते है, वह अपने दुश्मन को बिना लड़े ही हराने में यकीन रखते हैं। वह दुश्मन को कमजोर करते जाते है, ताकि वह लड़ने के लायक ही न रहे।

---

विश्व बौद्धिक सम्पदा दिवस

# मनुष्य के मौलिक सृजन को संरक्षित करना बड़ी चुनौती

**ललित गर्ग**


रचनात्मकता, सृजनात्मकता और संरचनात्मकता मनुष्य की स्वाभाविक वृत्ति है, मानव की इन मौलिक



विशेषताओं एवं उपलब्धियों को उचित सम्मान मिले, उचित प्रोत्साहन एवं पारिश्रमिक मिले, ऐसे नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए ही हर साल 26 अप्रैल को विश्व बौद्धिक संपदा दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य बौद्धिक संपदा (आईपी) के बारे में जागरूकता बढ़ाना है और नवाचार तथा रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने में आईपी की भूमिका को उजागर करना है। कृत्रिम बौद्धिकता के दौर में मानव की स्वतः स्फूर्त बौद्धिकता का संरक्षण, संवर्द्धन एवं प्रोत्साहन ज्यादा जरूरी है। 2025 की थीम ह्यआईपी और संगीतः आईपी की धड़कन महसूस करेंह्न है। यह संगीत उद्योग में बौद्धिक संपदा (आईपी) की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देता है, इस थीम का उद्देश्य आईपी के माध्यम से संगीत रचनाकारों की रचनाओं की रक्षा करना और उन्हें उनके काम के लिए उचित मान्यता दिलाना है। 26 अप्रैल को विश्व बौद्धिक संपदा दिवस के लिए इसलिए चुना गया क्योंकि इसी दिन 1970 में विश्व बौद्धिक संपदा संगठन की स्थापना करने वाला कन्वेंशन लागू हुआ था। यह दिन बौद्धिक संपदा अधिकारों जैसे पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क आदि के महत्व को उजागर करता है, जो नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने में मदद करते हैं।

बौद्धिक संपदा दिमाग की रचनाओं से संबंधित है, जैसे आविष्कार, साहित्यिक सृजन, संगीत, कला और कलात्मक कार्य, डिजाइन और व्यापार में उपयोग किए जाने वाले प्रतीक, नाम और चित्र आदि। ऐसे रचनात्मक काम जो पहले नहीं किया गया हो, ये हमारी बौद्धिक संपदा है। इस रचनात्मक सम्पदा का कोई दूसरा अनाधिकृत उपयोग नहीं सके, इसके लिए हमें अपनी बौद्धिक संपदा को सुरक्षित एवं संरक्षित करवाना चाहिए। इसी उद्देश्य से यह दिवस बौद्धिक संपदा संरक्षण के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देता है, दुनियाभर में बौद्धिक संपदा संरक्षण के प्रभाव को विस्तार देता है, देशों से बौद्धिक संपदा संरक्षण कानूनों और विनियमों को प्रचारित और लोकप्रिय बनाने का आग्रह करता है, बौद्धिक संपदा अधिकारों के बारे में सार्वजनिक कानूनी जागरूकता बढ़ाता है। इसके साथ ही इसका बड़ा उद्देश्य है विभिन्न देशों में आविष्कार-नवाचार गतिविधियों को प्रोत्साहित करना और बौद्धिक संपदा क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय आदान-प्रदान को मजबूत करना है। भारत भी विश्व बौद्धिक संपदा संगठन का सदस्य है। इस संगठन की स्थापना 14 जुलाई 1967 को हुई थी, जिसका मुख्यालय जिनेवा, स्विट्जरलैंड में है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उद्भव एवं प्रचलन का बौद्धिक संपदा (आईपी) ढांचे पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है, जो एक बड़ी चुनौती है। हमें एआई जैसे नवाचार प्रोत्साहनों के उभरते परिदृश्य और मौजूदा आईपी ढांचे के लिए इसके द्वारा उत्पन्न चुनौतियों पर मंथन करना होगा। पेटेंट योग्यता दुविधाओं से लेकर कॉपीराइट पहेली तक, हम पाते हैं कि तेजी से तकनीकी प्रगति के बीच नवाचार को बढ़ावा देने और सामाजिक हितों की रक्षा करने के बीच एक नाजुक संतुलन है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रौद्योगिकी और इंटरनेट के साथ हमारे संपर्क के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। जैसे-जैसे एआई अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रहा है, इसका बौद्धिक संपदा के संरक्षण पर चुनौतीपूर्ण गहरा प्रभाव पड़ रहा है। चैटजीपीटी जैसे एआई चैट बॉट अविश्वसनीय रूप से परिष्कृत मानव-जैसे लिखित उत्तर दे सकते हैं, क्योंकि भाषा मॉडल की प्रश्नों और कार्यों को समझने और उन



टेक्स्ट और डेटा के आधार पर प्रतिक्रियाएं देने की क्षमता है, जिन पर इसे प्रशिक्षित किया गया है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता अन्य क्षेत्रों में भी भी जैसे कला, लेखन, युद्ध, व्यापार, प्रबंधन, संगीत, फिल्म-निर्माण आदि में भी दखल बढ़ रहा है। एआई सार्वजनिक क्षेत्र में पहले से कहीं ज्यादा है और व्यवसाय में इसकी भूमिका दिनोंदिन बढ़ रही है।

इसी के साथ बौद्धिक सम्पदा के सम्मुख सोशल मीडिया भी एक बड़ी चुनौती है। क्योंकि सोशल मीडिया के दौर में हर कोई दूसरों की रचनात्मकता एवं मौलिक सृजन को अपना बता कर पेश कर रहा है। इसलिए हर व्यक्ति को अपनी बौद्धिक संपदा के लिए जागरूक होना होगा। प्रत्येक व्यक्ति में कुछ अलग और रचनात्मक एवं मौलिक काम करने की क्षमता होती है। हम अपनी बौद्धिक संपदा को पांच तरीके से संरक्षित कर सकते हैं। इसमें पहला है कॉपीराइट, दूसरा पेटेंट, तीसरा ट्रेडमार्क, चौथा है औद्योगिक डिजाइन और पांचवा है भौगोलिक संकेतक। अगर आप कुछ लिखते हैं, जो आपका मौलिक लेखन है तो आप कॉपीराइट करा सकते हैं। इसके बाद व्यापार के क्षेत्र में होता है ट्रेडमार्क, जो आपका सिंबल होता है, जो किसी संस्था, कंपनी की पहचान के लिए होता है, उसे अगर ट्रेडमार्क करवा सकते हैं तो कोई दूसरा उस सिंबल का उपयोग नहीं कर सकेगा। अगर आपने कोई आविष्कार किया है तो उसे पेटेंट करा कर सुरक्षित रख सकते हैं। इसके बाद आता है औद्योगिक डिजाइन और भौगोलिक संकेतक।

इस वर्ष की थीम संगीत पर केन्द्रित है। संगीत ने हमेशा लोगों को जोड़ने, बदलाव को प्रेरित करने और सांस्कृतिक विकास को आगे बढ़ाने में एक अनूठी भूमिका निभाई है। यह विषय इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे आईपी अधिकार संगीतकारों और अन्य संगीत रचनाकारों की रचनाओं की रक्षा करते हैं। विश्व बौद्धिक संपदा दिवस डब्ल्यूआईपीओ का सबसे बड़ा बौद्धिक संपदा (आईपी) सार्वजनिक जनजागृति अभियान है। कॉपीराइट और अन्य बौद्धिक संपदा अधिकार संगीत उद्योग की प्रभावी मदद करते हैं। वे सुनिश्चित करते हैं कि संगीत रचनाकारों को उनके काम का श्रेय और भुगतान मिले। यह दिन यह भी दिखाएगा कि इन अधिकारों की मदद से संगीत को बेहतर बनाने में रचनात्मकता और नए विचार कितने महत्वपूर्ण हैं।

आधुनिक समय में संगीत बौद्धिक एवं आर्थिक सम्पदा का बड़ा माध्यम है। आज की आपाधापी, तनाव एवं अवसादपूर्ण जीवन में संगीत ही एक ऐसा माध्यम है जो शांति, सुकून एवं आनन्द प्रदत्त कर सकता है। संगीत सुनने से इंसान को अलौकितता का अहसास होता है। डॉक्टर भी संगीत को सेहत के लिए फायदेमंद मानते हैं। संगीत को लेकर हुए अध्ययनों में पता चला है कि संगीत शरीर में बदलाव लाता है, जो स्वास्थ्य में सुधार एवं शांति स्थापित करता है। इसके अलावा जो मरीज अवसाद और निराशा के शिकार होते हैं, उन्हें इससे बाहर निकालने के लिए संगीत थेरेपी दी जाती है। संगीत मन और शरीर दोनों को ही आराम पहुंचाता है। संगीत अमूर्त कला है पर उसमें निहित शांति, सौन्दर्य एवं संतुलन की अनुभूति विरल है। संगीत अशांति के अंधेरों में शांति का उजाला है। यह अंतर्मन की संवेदनाओं में स्वरों का ओज है। इसीलिये संगीत एक बड़ी बौद्धिक सम्पदा है। शादी में ढोलक-शहनाई, भजन-मंडली में ढोल-मंजीरा, शास्त्रीय संगीत में तानपूरा, तबला, सरोद, सारंगी का हम सब भरपूर आनंद उठाते हैं। बचपन में संपेरों द्वारा बीन बजाते ही लहराते हुए सांप का खेल भी हमने खूब देखा है। इन संगीत प्रस्तुतियों से जुड़े कलाकार एवं संगीतकारों के लिये यह उनकी बौद्धिक सम्पदा है। यह दिन इन बौद्धिक संपदा से जुड़े अधिकारों के संरक्षण के महत्व को रेखांकित करता है, जो रचनाकारों और आविष्कारकों को उनके काम के लिए पुरस्कृत करने में मदद करता है एवं उनके उचित पारिश्रमिक को सुनिश्चित करता है। वैश्विक स्तर पर, युवा लोग नवाचार की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, अपनी ऊर्जा और सरलता, अपनी जिज्ञासा और सरलता का उपयोग करके बेहतर भविष्य का मार्गदर्शन कर रहे हैं। नये विश्व के निर्माण में बौद्धिक सम्पदा की प्रभावी भूमिका है।

---

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार में सौम्यता बनाए रखने के लिए रहेगा। आपको परिवार में कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती हैं, जिससे आप घबराएंगे नहीं। परिवार में कोई शुभ और मांगलिक कार्यक्रम होने से परिवार के सभी सदस्य व्यस्त रहेंगे। रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती आएगी और ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से यदि धन उधार लेंगे, तो वह आपको आसानी से मिल जाएगा। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे, जो आपको खुशी देंगे। आपका निवेश करने में भी खूब दिमाग चलेगा।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए सेहत के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। आपको कोई पुरानी समस्या के बढ़ने से आपको डॉक्टर के चक्कर काटने पड़ सकते हैं। आपका कोई पुराना लेन-देन चुकता होगा। यदि आप काम को लेकर कोई बैंक लोन दे रहे हैं, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा। आपको अपने व्यवसाय के कामों में कोई बदलाव बहुत ही सोच समझकर करने की आवश्यकता है। आप अपने दोस्तों के साथ कोई पार्टी आदि करने की योजना बना सकते हैं।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप अपनी किसी गलती को छुपाने के लिए कार्यक्षेत्र में कोई झूठ बोल सकते हैं, जो आपके सामने आ सकता है। आपके मन में उलझनें रहने से आप परेशान रहेंगे। आप किसी से मांगकर वाहन न चलाएं, क्योंकि अक्समात खराबी के कारण आपका धन खर्च बढ़ सकता है। आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आप अपने किसी दूर रहे परिजन से फोन कॉल के जरिए कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आप किसी काम को आसानी से पूरा करके देंगे।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप कोई कदम बहुत ही सोच समझकर उठाएं। यदि आपको शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट करना है, तो उसके लिए आपको मार्केट की चालों को ध्यान में रखकर इन्वेस्टमेंट करना बेहतर रहेगा। आपकी संतान आपको किसी नई चीज की फरमाइश कर सकती है। आपको धन को लेकर यदि कोई काम रुका हुआ था, तो वह पहले पूरा होगा। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेंगी आपको कुछ नया करने की कोशिश में लगे रहेंगे।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आपकी अपने भाई बहनों से भी प्रॉपर्टी को लेकर कोई वाद-विवाद हो, तो उसमें आप अपने पिताजी से सलाह मशवरा अवश्य करें। आप किसी नए घर आदि की खरीदारी कर सकते हैं। आप अपनी इनकम को बढ़ाने के सोर्सो पर पूरा ध्यान देंगे। आपका कोई पुराना लेनदेन यदि ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से चल रहा था, तो उसे भी आप आसानी से दूर करने की कोशिश करेंगे।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। आप कामों को लेकर काफी व्यस्त रहेंगे। दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। सरकारी काम यदि आपका रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। परिवार में किसी सदस्य की सेहत खराब रहेगी। जो आपकी टेंशनों का कारण बनेगी। आपके परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की हो सकती है। आपको परिवार में बड़े बुजुर्गों की सेवा करने के लिए भी कुछ समय निकालना होगा।

**तुला** आज का दिन आपके लिए आय के सोर्सो को बढ़ाने वाला रहेगा। आपका डूबा धन आपको मिल सकता है और प्रॉपर्टी में आप थोड़ा सोच समझकर कदम बढ़ाएं। आपके साथ कोई धोखा होने की संभावना है। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। संतान को आप किसी नए कोर्स में दाखिला दिलाएंगे। आपकी अपने बॉस से किसी बात को लेकर झड़प हो सकती है, जिसका असर आपके कामों पर भी पड़ेगा। आप अपनी जिम्मेदारियों को ढील बिल्कुल ना दें।

**वृश्चिक** आज आपको कोई निर्णय बहुत ही सोच समझकर लेना होगा। परिवार में यदि कोई वाद-विवाद लंबे समय से पैर पसारे हुआ था, तो उसके लिए आप अपने वरिष्ठ सदस्यों से बातचीत कर सकते हैं। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। धार्मिक कामों के प्रति आपकी काफी रुचि रहेगी। आपको अपने परिवार के सदस्यों को लेकर किसी पिकनिक पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं, लेकिन आप उसमें एकजुटता बनाए रखें।

**धनु** आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। आप दोस्तों के साथ कुछ समय कहीं घूमने फिरने जा सकते हैं। आप जीवनसाथी के लिए कोई सरप्राइज पार्टी प्लान कर सकते हैं। आपके ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से कोई भी ऐसी बात ना बोले, जिससे कि आपके आपसी रिश्ते खराब हो। परस्पर सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आपको अपनी इनकम को लेकर थोड़ा सावधान रहना होगा। किसी अजनबी से कोई लेनदेन ना करें।

**मकर** आज का दिन आपके लिए उत्तम संपत्ति के संकेत दे रहा है। यदि आप किसी संपत्ति की खरीद फरोख्त की योजना बना रहे थे, तो आपकी वह इच्छा पूरी होगी और किसी कानूनी मामले में भी आपको जीत मिलेगी। आप अपने परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा को लेकर परेशान रहेंगे। आप अपने पिताजी से कामों को लेकर बातचीत कर सकते हैं। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आप किसी सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, जिसमें आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। आपको संतान की संगति पर विशेष ध्यान देना होगा। आप किसी गलत काम की तरफ अग्रसर हो सकते हैं। आप अपने बॉस की किसी गलत बात पर हां में हां ना मिलाएं। आपको परिवार में किसी सदस्य से बेवजह की बहस हो सकती है। आज आप किसी दूसरे के मामले में ज्यादा न बोले।

**मीन** आज का दिन आपके लिए निराशाजनक रहने वाला है। आपको बिजनेस में नुकसान होने से आपका मन परेशान रहेगा। संतान को किसी नई नौकरी के मिलने से कहीं बाहर जा सकते हैं। विधार्थियों को पढ़ाई-लिखाई को लेकर थोड़ा ध्यान देना होगा। आपको अपने आसपास रह रहे शत्रुओं से भी सावधान रहने की आवश्यकता है।

---

### नाक के मुंहासे से हैं परेशान, इन 5 घरेलू नुस्खों को आजमाएं

नाक के मुंहासे एक आम समस्या है, जो किसी भी उम्र में हो सकती है। ये मुंहासे न केवल असुविधाजनक होते हैं, बल्कि चेहरे की सुंदरता को भी प्रभावित करते हैं। इस लेख में हम आपको कुछ घरेलू नुस्खे बताएंगे, जिनसे आप नाक के मुंहासों से राहत पा सकते हैं और अपने चेहरे को साफ-सुथरा रख सकते हैं।

इन नुस्खों को अपनाकर आप आसानी से इन समस्याओं का सामना कर सकते हैं। खाने का सोडा एक असरदार सामग्री है, जो आपकी नाक के मुंहासों को कम करने में मदद कर सकती है। इसे पानी में मिलाकर पेस्ट बना लें और इसे प्रभावित क्षेत्र पर हल्के हाथों से लगाएं। 5-10 मिनट बाद चेहरे को ठंडे पानी से धो लें। यह प्रक्रिया त्वचा की गंदगी को साफ करती है और मुंहासों को कम करने में मदद करती है। नियमित उपयोग से आपको बेहतर परिणाम मिल सकते हैं। एलोवेरा जेल एक प्राकृतिक उपाय है, जो नाक के मुंहासों को कम करने में मदद करता है। एलोवेरा में सूजन कम करने वाले गुण होते हैं, जो सूजन को कम करते हैं और त्वचा को ठंडक पहुंचाते हैं। इसे रोजाना रात को सोने से पहले अपनी नाक पर लगाएं और सुबह उठकर धो लें। नियमित उपयोग से आपकी त्वचा मुलायम और स्वस्थ बनी रहेगी।

यह उपाय न केवल असरदार है, बल्कि त्वचा को पोषण भी देता है। टी ट्री तेल एक में जीवाणुरोधी गुण होते हैं, जो नाक के मुंहासों को कम करने में सहायक हो सकते हैं। लाभ के लिए इसे रूई पर लेकर प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं और रातभर छोड़ दें। सुबह उठकर चेहरे को साफ पानी से धो लें। यह उपाय त्वचा को ताजगी देता है।

---

शक्तिशाली हिन्दुस्तान

# संहारों से भारत का शीष झुका लोगे यह मत समझो

**सुनील कुमार महला**



पहलगाम हमले के बाद हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए यह बात कही है कि 'भारत आतंक के आकाओं की कमर तोड़कर रहेगा।' उन्होंने अपने संबोधन में कहा है कि 'दुश्मनों ने घाटी में आए निहत्थे पर्यटकों को ही नहीं, भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है तथा भारत हमलावरों और साजिशकताओं की पहचान करेगा, उनकी तलाश कर उन्हें सजा देना सुनिश्चित करेगा?।' उन्होंने कड़े शब्दों में यह बात कही है कि 'आतंकवादियों और नृशंस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी तथा हमलावरों और साजिश रचने वालों को धरती के आखिरी कोने तक भी नहीं छोड़ेंगे।' उन्होंने कहा कि 'कोटि-कोटि देशवासी व्यथित है, कश्मीर से कन्याकुमारी तक देश में एक जैसा आक्रोश है।' वास्तव में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऐसा कहकर जहां एक ओर इस देश की आम जनता के आक्रोश को स्वर दिया है, वहीं दूसरी ओर उन्होंने सीधे तौर पर उन ताकतों को भी सीधी चेतावनी दी है, जो भारत को आतंकवाद व आतंकियों के नाम पर अस्थिर करना चाहती है?। कहना गलत नहीं होगा कि पहलगाम में हुए नृशंस आतंकवादी हमले के दो दिन बाद प्रधानमंत्री मोदी ने न केवल पाकिस्तान को बल्कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भी यह संदेश दिया है कि भारत की आतंकवाद के प्रति नीति 'जीरो टालरेंस'(शून्य सहनशीलता) की है और भारत किसी भी हाल और परिस्थितियों में आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा। यहां पाठकों को बताता चलूं कि 14 फरवरी 2019 को हुए पुलवामा हमले के बाद भी प्रधानमंत्री मोदी ने यह बात कही थी कि 'सुरक्षा बलों को कार्रवाई की पूरी छूट दे दी गई है और आतंकियों को इस हमले की भारी कीमत चुकानी होगी।' उस समय उन्होंने कहा था कि 'पाकिस्तान इस भ्रम में न रहे कि वह भारत को अस्थिर कर सकता है।' वास्तव में उस समय प्रधानमंत्री ने जो कहा, वो करके दिखाया था। यहां यह बात गौरतलब है कि 26 फरवरी 2019 की सुबह तीन बजे के करीब पाकिस्तान के बालाकोट में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी शिविरों पर भारतीय लड़ाकू विमानों ने हमला कर उन्हें तबाह कर दिया था। बहरहाल ,पाठकों को मालूम होगा कि पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने पाकिस्तान पर कई प्रतिबंध लगा दिए हैं।मसलन,सार्क वीजा छूट योजना (एसवीईएस) को निलंबित कर दिया गया,सिंधु जल संधि(1960) का निलंबन किया गया तथा पाकिस्तान पर विभिन्न व्यापारिक प्रतिबंध और कूटनीतिक निष्कासन भी किया गया। भारत ने वाघा-अटारी सीमा सील होने के बाद दिल्ली-लाहौर बस और समझौता एक्सप्रेस की टिकट बुकिंग भी रद्द कर दी। इतना ही नहीं पाक उच्चायोग के तीन सैन्य सहायक व दिल्ली दूतावास में तैनात दो आइएसआइ लिंक अधिकारियों को अवैध गतिविधियों के सबूत के आधार पर 48 घंटे में देश छोड़ने को कहा तथा भारत ने अपने सैन्य सहायक व पाँच सहायक कर्मियों को इस्लामाबाद से वापस बुलाया गया। इसके साथ ही भारतीय और पाकिस्तानी उच्चायोगों की अधिकतम स्टाफ-संख्या 30-30 पर सीमित कर दी गई। इतना ही नहीं,वित्त मंत्रालय ने पाकिस्तान को दी जाने वाली सभी व्यापारिक रियायतें वापस ले ली तथा 200 सीमा शुल्क पुनः लागू कर दिया गया और पाकिस्तान को निर्यातित होने वाले कपास, चीनी और सीमेंट पर प्रतिबंध लगा दिया गया।इसके साथ ही सुरक्षा आयात-निर्यात परिषद ने एलओसी ट्रेड फैसिलिटी (श्रीनगर-मंगल) पर भी अस्थायी रोक लगा दी। वास्तव में कश्मीर घाटी-मुजफ़्फ़राबाद ट्रक रूट बंद रहने से सालाना 1,500करोड़ रुपये के अनौपचारिक व्यापार पर असर पड़ेगा। उपलब्ध जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने सेना, वायुसेना और नौसेना प्रमुखों के साथ सामरिक समीक्षा कर सीमा पार लॉन्च-पैड्स पर प्री-एम्प्टिव स्ट्राइक के विकल्पों को अंतिम रूप दिया है तथा सीमांत क्षेत्रों में आर्टिलरी यूनिट्स को 'नो वार्निंग, फुल रिस्पॉन्स' निर्देश मिला है।विदेश मंत्रालय ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पाँच स्थायी सदस्यों और जी-20 सहयोगियों को आधिकारिक डिमार्शे जारी कर भारत की कार्रवाई का समर्थन माँगा है। जानकारी के अनुसार गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान और गुजरात में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर रहने वाले ग्रामीणों के लिए निकटतम राहत-शिविर तैयार रखने के निर्देश भी जारी किए हैं। बहरहाल, कहना गलत नहीं होगा कि पाकिस्तान एक ऐसा देश है,जो आतंकवाद और आतंकियों को प्रश्रय देता आया है और उस पर आज 'आतंकवाद और आतंकियों' का बदसूरत दाग लग चुका है। कितनी बड़ी बात है कि आतंकियों ने धार्मिक पहचान पूछकर देश में नफरत और विभाजन की आग फैलाने की कोशिश की और घटना को अंजाम दिया। एक आतंकी का पर्यटक से यह कहना, 'जाओ, अपनी सरकार को बताओ', साफ दशार्ता है कि यह हमला देश के नेतृत्व को चुनौती देने की कोशिश थी। आज पाकिस्तान आतंकवाद का गढ़ ही नहीं है बल्कि पाकिस्तान भारत में नशीली दवाओं और हथियारों की भी तस्करी कर रहा है। वह सीमावर्ती क्षेत्रों में ड्रोनों द्वारा नशा पहुंचा कर भारत की युवा पीढ़ी को तबाह करने की लगातार कोशिशें कर रहा है और इसके बहुत से प्रमाण हैं। पाठकों को बताता चलूं कि यदि हम यहां मात्र अप्रैल माह की ही बात करें तो इस प्रकार की(नशा तस्करी) अनेक घटनाएं सामने आईं हैं। एक प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक में छपे संपादकीय के अनुसार 17 अप्रैल को गुरदासपुर जिला पुलिस ने सीमावर्ती गांव 'ठाकुरपुर' से पाकिस्तान से ड्रोन द्वारा हैरोइन मंगवाने वाले 3 तस्करों को गिरफ्तार करके उनके पास से 255 ग्राम हैरोइन और 2 पिस्तौल बरामद की गई। इसी तरह से 20 अप्रैल को बी.एस.एफ. ने अमृतसर, तरनतारन और फिरोजपुर जिलों के गांवों में कार्रवाई के दौरान खेतों से 3 पाकिस्तानी ड्रोन और 545 ग्राम हैरोइन बरामद की। इतना ही नहीं,22 अप्रैल को बी.एस.एफ. ने सीमावर्ती गांव 'बल्लड़वाल' के इलाके में ड्रोन से फेंकी 40 करोड़ रुपए की हैरोइन सहित 2 ग्रेनेड, आई.ई.डी. विस्फोटक, रिमोट, 2 विदेशी पिस्तौल व 5 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इतना ही नहीं, 23 अप्रैल को बी.एस.एफ. अमृतसर सैक्टर की टीम ने 4 अलग-अलग सीमावर्ती गांवों में 8 करोड़ रुपए का नशा व ड्रोन जब्त किए। गांव 'हरदोरत्न' में 6 कारतूस, पिस्तौलों के पुर्जे, मैगजीन व 593 ग्राम हैरोइन, गांव 'मुहावा' में एक पिस्तौल की मैगजीन व 574 ग्राम हैरोइन के अलावा 'राजा ताल' और 'गल्लूवाल' गांवों में 2 मिनी ड्रोन और 514 ग्राम हैरोइन पकड़ी। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि 23 अप्रैल को तरनतारन में ड्रग इंस्पैक्टर और पुलिस द्वारा एक मकान में संयुक्त छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में पाकिस्तान की बनी हुई 10 प्रकार की दवाएं भी जब्त की गईं हैं।वास्तव में पाकिस्तान भारत में हथियारों,ड्रग(नशीले पदार्थों) की तस्करी कर जहां भारत की युवा पीढ़ी को बर्बाद करने का सपना संजो रहा है, वहीं दूसरी ओर वह कश्मीर घाटी में आतंकवाद और आतंकी घटनाओं के माध्यम से भारत को कमजोर, अस्थिर, अशांत करने का भी सपना संजो रहा है लेकिन भारत पाकिस्तान के इस सपने को कभी भी पूरा नहीं होने देगा और पाकिस्तान की इन नापाक हरकतों को नेस्तनाबूद करने की क्षमताएं रखता है। समय-समय पर भारत ने पाकिस्तानी आतंकवाद पर कड़ा प्रहार भी किया है लेकिन चीन और अमेरिका जैसे देश चोरी-छिपे पाकिस्तान को सहायता देते आए हैं। हाल फिलहाल पहलगाम हमले के बाद भारत द्वारा पाकिस्तान पर विभिन्न प्रतिबंध लगाने से उसकी बौखलाहट साफ दिखाई पड़ रही है। कहना गलत नहीं होगा कि सिंधु जल संधि का निलंबन पाकिस्तान के लिए एक बहुत बड़ा झटका है, क्योंकि सिंधु, झेलम और चिनाब नदियों का पानी, जो संधि के तहत पाकिस्तान को मिलता है, उसके पंजाब और सिंध प्रांतों की अर्थव्यवस्था की असली रीढ़ है। हालांकि भारत द्वारा पाकिस्तान का तत्काल प्रभाव से पानी रोकना इतना आसान काम नहीं है, जैसा कि इसके लिए बड़े बुनियादी ढांचे की जरूरत होती है लेकिन भारत ने सिंधु जल समझौता के जल की आपूर्ति को रोकने की बात कहकर पाकिस्तान पर मनौवैज्ञानिक और रणनीतिक दबाव तो बना ही दिया है। पाठकों को बताता चलूं कि भारत ने पहलगाम हमले को लेकर यूएन में अपनी बात रखते हुए वैश्विक समुदाय से इस हमले की कड़ी निंदा की अपील की थी और भारत के समर्थन में अमेरिका,रूस व संयुक्त अरब अमीरात(यूएई),सऊदी अरब जैसे देश आगे आए हैं।सच तो यह है कि पहलगाम घटना के बाद विश्व भर में पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों की इस कायराना हमले की चर्चा हो रही है। जापान, फ्रांस और इजरायल भी हमारे साथ एकजुट होकर आगे आए हैं। इसके अलावा, ईरान, कुवैत और अन्य इस्लामी देशों ने भी इस हमले की निंदा की है और आतंकवाद के विरुद्ध भारत को समर्थन देने की बात कही है।बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेखी हसीना भी हमले से ह्यबेहद आहतह्न हैं। उन्होंने भी एक संदेश जारी करके इस संदर्भ में भारत के साथ खड़े होने की बात की है।वास्तव में,अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने इस हमले की निंदा करते हुए आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाने की बात कही है।

इससे पाकिस्तान पर वैश्विक स्तर भी दबाव बढ़ेगा। सभी जानते हैं कि आज पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था खस्ताहाल है, लेकिन बावजूद इसके वह आतंकवाद और आतंकियों को प्रश्रय देने में लगा हुआ है। वास्तव में पाकिस्तान की यह सोच बन चुकी है कि वह आतंकवाद और आतंकियों की सहायता से भारत से पूर्व में हुए युद्धों का बदला ले लेगा, लेकिन शायद पाकिस्तान को इस बात का अंदाजा नहीं है कि भारत पाकिस्तान की तुलना में एक बहुत ही मजबूत, सुदृढ़ और हर रूप से विश्व का एक सक्षम राष्ट्र है। आज भारत वैश्विक स्तर पर एक बड़ी आर्थिक शक्ति बनकर उभर रहा है और विश्व के सभी देश हर क्षेत्र में भारत का लोहा व भारत को आदर्श मानते हैं। अंत में यही कहूंगा कि पाकिस्तान का मकसद भारत में नफरत और विभाजन फैलाना और यहां की युवा पीढ़ी को आतंकवाद के नाम पर दिग्भ्रमित करना है, लेकिन भारत पाकिस्तान के मंसूबे कभी भी कामयाब नही होने देगा। अंत में यही कहूंगा कि -...'अमेरिकी शस्त्रों से अपनी आजादी को दुनिया में कायम रख लोगे, यह मत समझो।दस बीस अरब डालर लेकर आने वाली बरबादी से तुम बच लोगे यह मत समझो।धमकी, जिहाद के नारों से, हथियारों से कश्मीर कभी हथिया लोगे यह मत समझो।हमलों से, अत्याचारों से, संहारों से भारत का शीष झुका लोगे यह मत समझो।'

## एक नजर

### कलेक्टर ने मुख्यालय स्थित दंतेवाड़ा साइंस सेंटर का किया अवलोकन



**दंतेवाड़ा, 25 अप्रैल** । आज कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत द्वारा मुख्यालय के सर्किट हाउस स्थित रोड दंतेवाड़ा साइंस सेंटर का अवलोकन किया गया। गौरतलब है कि जिले के युवा और बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने करने और विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से यहाँ विज्ञान केंद्र की स्थापना की गई है। यह विज्ञान केंद्र जिले के सुदूर अंचलों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। प्रतिदिन विशेष रूप से संचालित बसों के माध्यम से विद्यार्थी यहाँ पहुँचते हैं और केंद्र में प्रदर्शित विभिन्न वैज्ञानिक माडलों, प्रयोगों और प्रदर्शनों को न केवल देखते हैं, बल्कि उन्हें प्रयोग कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी खोजते हैं।इस साइंस सेंटर का उद्देश्य केवल विज्ञान की शिक्षा देना नहीं, बल्कि बच्चों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने, प्रयोगधर्मी बनाने और उनके अंदर नए आविष्कारों की संभावनाओं को जागृत करना है। केंद्र में रखे गए इंटरएक्टिव मॉडल, डिजिटल डिस्प्ले, और प्रयोगशालाएं बच्चों को विज्ञान को केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित न रखकर, उसे जीवंत रूप में समझने का अवसर प्रदान करते हैं।इस अवलोकन के दौरान कलेक्टर ने यहां विभिन्न साइंटिफिक थीम पर आधारित कक्ष जैसे इंडस्ट्री रूम, फिजिक्स रूम, इमर्सिव रूम, मिनी वर्ल्ड रूम, हार्वेस्ट हब का भ्रमण करते हुए पोटाकेबिन कुआकोंडा के छात्रों से वैज्ञानिक माडलों प्रयोगों और प्रदर्शनों के बारे में चर्चा करते हुए विज्ञान संबंधित सिद्धांतों जैसे न्यूटन के उद्गम स्थल चुंबकीय उत्तोलन, वानडे ग्राफ जनरेटर, तरंग मंडल, लेज कानून, बैलिस्टिक पेंडुलम, टेस्ला कॉईल, प्लाज्मा बल, प्रकाशकिय गति, व्हिम्स हर्सट मशीन को समझाया। साथ ही उनसे प्रति प्रश्न भी किए और सही उत्तर देने पर उन्हें प्रोत्साहित किया।

### ग्राम पंचायत टेकनार में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का हुआ शुभारंभ

**दंतेवाड़ा, 25 अप्रैल** । आज राष्ट्रीय पंचायत दिवस पर के अवसर पर विकासखण्ड दंतेवाड़ा के ग्राम टेकनार में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ किया गया। राज्य शासन की मंशानुसार अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र में नागरिक सेवाओं को अधिकाधिक जन सुलभ बनाने के लिए पंचायत स्तर पर ही सभी लाभ दिए जाएगें। इसके तहत वित्तीय समावेशन सेवाएं जैसे नगद आहरण, फंड ट्रांसफर, बीमा ऑनलाइन, पैन कार्ड, पीएससी सेवा प्रदाय, विभिन्न सरकारी योजनाओं का पंजीयन, पासपोर्ट, आवेदन बिजली बिल भुगतान, के साथ-साथ जन्म मृत्यु, विवाह पंजीयन आय, निवास, जाति प्रमाण पत्र, ई-डिस्ट्रिक्ट सेवाएं भी पंचायत स्तर पर उपलब्ध होगी।इस मौके पर ग्राम पंचायत भवन में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का वर्चुअल संबोधन भी ग्रामीणों के मध्य हुआ। मुख्यमंत्री ने इस दौरान ग्रामीणों को पंचायती राज दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज प्रदेश में 1460 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का प्रारंभ किया गया है। इस सुविधा केंद्र के प्रारंभ होने से सभी ग्रामीण हितग्राहियों को शासन की समस्त योजनाओं के पंजीयन से लेकर बैंकिंग लेन देने के लिए ग्राम से शहर जाने के दिक्कत से मुक्ति मिलेगी।

### गोली मारकर आत्महत्या

**सुकमा,25 अप्रैल।** सीआरपीएफ 159 के जवान ने किया आत्महत्या खुद को गोली मारकर की आत्महत्या सुबह 08 बजे की घटना बताई जा रही जवान का नाम मोहन शर्मा बताया जा रहा , बिहार का रहने वाला था जवान 159 हेड क्वार्टर चिकपाल में था पदस्थ।

### सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 3 मई को

जगदलपुर 25 अप्रैल 2025/ जिला पंचायत बस्तर के सामान्य सभा की बैठक 3 मई 2025 को मध्यान्ह 12 बजे से जिला पंचायत बस्तर के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उक्त बैठक में निर्धारित एजेण्डा की जानकारी के साथ अधिकारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### पेयजल व्यवस्था हेतु टोलफ्री नम्बर ,प्रभारी अधिकारियों की तैनाती से मिली सुविधा

**जगदलपुर 25 अप्रैल।** जिले के ग्रामीण इलाकों से बोरिंग खराब होने की खबर मिलने पर उक्त ब्लॉक के प्रभारी अधिकारी तुरन्त सुधार कार्य हेतु कर्मचारियों के साथ पहुंच रहे हैं। साथ ही ग्रामीण अब टोलफ्री नम्बर से भी पेयजल की दिक्कत सम्बन्धी सूचना दे रहे हैं। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में हैंडपंप संधारण एवं सोलर ड्यूल पम्पों के रखरखाव में आशाजनक प्रगति आयी है।

# राशन दुकान की नई शाखा से पेंटा गांव को राहत, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने किया शुभारंभ





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 25 अप्रैल।** ग्राम पंचायत महाराहुरानार के अंतर्गत आने वाले ग्राम पेंटा के ग्रामीणों को अब राशन के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। आज ग्राम में राशन दुकान की नई शाखा का विधिवत उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सुकालू मुड़ामी, फूड ऑफिसर कौशिक, सरपंच बुधनी बरसा सहित अनेक जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित रहे।गौरतलब है कि अब तक ग्राम पेंटा के ग्रामीणों को राशन लेने के लिए 4 किलोमीटर दूर महाराहुरानार जाना पड़ता था। यह दूरी विशेषकर महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए काफी कठिनाईपूर्ण थी। ग्रामीणों की लगातार मांग के बाद शासन द्वारा इस समस्या का समाधान करते हुए ग्राम पेंटा में राशन दुकान की उपशाखा खोलने की स्वीकृति दी गई।उद्घाटन अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार गरीबों के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के दूसरे चरण का सर्वे 30 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें सभी पात्र हितग्राही अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।जनपद अध्यक्ष सुकालू मुड़ामी ने भी ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक जरूरतमंद तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचे। राशन दुकान की यह नई शाखा ग्रामीणों के लिए एक बड़ी सुविधा होगी।फूड ऑफिसर कौशिक ने खाद्य विभाग से संबंधित जानकारियां साझा करते हुए ग्रामीणों को राशन कार्ड, वितरण प्रक्रिया और पात्रता की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विभाग की कोशिश है कि किसी भी पात्र हितग्राही को खाद्यान्न से वंचित न रहना पड़े।इस अवसर पर सरपंच बुधनी बरसा, फूड इंस्पेक्टर कश्यप, हेमंत कश्यप, चैन सिंह ठाकुर, लच्छू सिन्हा, दिनेश ठाकुर, अनंत ठाकुर, देवेंद्र बरसा, राहुल कश्यप सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल का स्वागत करते हुए जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया।ग्रामीणों ने इसे विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया और उम्मीद जताई कि इसी तरह अन्य मूलभूत सुविधाएं भी शीघ्र ही उनके गांव तक पहुँचेंगी।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने इंद्रावती नदी को लेकर पदयात्रा पर ली कांग्रेसियों की बैठक



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 25 अप्रैल।** आज संभाग मुख्यालय राजीव भवन जगदलपुर में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री दीपक बैज ने बस्तर की जीवनदायिनी इंद्रावती नदी के मुद्दों को लेकर आगामी पदयात्रा के विषय पर समस्त कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की बैठक ली।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री दीपक बैज ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा आज प्रदेश की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के चलते बस्तर की जीवनदायिनी इंद्रावती नदी व बस्तर दोनों ही बड़े खतरे में है,प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सिर्फ अपनी उद्योगिग् नीति की बैठक कर बस्तर के खनिज सम्पदा को अपने पूंजीपति मित्रो सौंपने का कार्य कर रही है,बस्तर के आदिवासियों की जल,जंगल,जमीन को यह सरकार उजाड़ रही है। बैज ने कहा बस्तर की प्राणदायिनी इंद्रावती नदी पूरी तरह से सूख चुकी है, पिछले कई दिनों से इंद्रावती से सटे किसान इंद्रावती नदी में पानी की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं,परंतु डबल इंजन की सरकार किसानों की मांग को अनसुना कर रही है,विगत 14 महीना से राज्य में भाजपा की सरकार है, जल संसाधन मंत्री बस्तर से ही आते हैं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बस्तर से हैं जो कि स्वयं जगदलपुर के विधायक हैं बावजूद इसके केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत 9 बड़े प्रोजेक्ट आज तक इंद्रावती नदी में इस सरकार ने आरंभ नहीं करा पाया है वही उड़ीसा में भी भाजपा की सरकार है उड़ीसा सीमा से चित्रकूट जलप्रपात के बीच 10 छोटे एनीकेट बने हैं जिनमें से वर्तमान स्थिति में चार एनीकेट पूरी तरह से सूख चुके हैं, मटनार बैराज और देउरगांव बैराज को प्रशासनिक स्वीकृति ये सरकार नहीं दे रही है और ना ही ओडिशा सरकार पर खातिगुड़ा डैम से पानी छोड़ने दबाव बनाया जा रहा है कुल मिलाकर भाजपा सरकार सुनने को तैयार नहीं है..आगामी दिनों में सूखने के कगार पर बस्तर की जीवनदायिनी इंद्रावती नदी को लेकर कांग्रेस पार्टी चित्रकोट से लेकर कलेक्टर कार्यालय तक का विशाल पदयात्रा कर इस निरंकुश, जनविरोधी, पर्यावरण विरोधी और सोई हुई भाजपा सरकार को जगाने का कार्य करेगी। इस दौरान प्रदेश के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदु,जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य,ग्रामीण जिला अध्यक्ष प्रेम शंकर शुक्ला, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव शर्मा,प्रदेश सचिव शंकर राव,निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी,उप नेता प्रतिपक्ष कोमल सेना,महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, महामंत्री जाहिद हुसैन,सुषमा सूता,राष्ट्रीय प्रवक्ता जावेद खान, ब्लॉक अध्यक्ष सहदेव नाग,राम शंकर राव,अवधेश झा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अजय बिसाई,एन एस यू आई अध्यक्ष विशाल खंबारी,पार्षद विक्रम डांगी,सूर्या पानी,शुभम यदु,लोकेश चौधरी,राजेश राय,बी ललिता,अपर्णा बाजपेई,बलराम यादव,प्रकाश अग्रवाल, अतिरिक्त शुक्ला,विक्रांत सिंह,रवि शंकर तिवारी, अनुराग महतो,एम ज्योति राव, एस नीला,माही श्रीवास्तव,खीरेंद्र यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

### किसानों -ग्रामीणों के आर्थिक उत्थान हेतु पशुपालन विभाग योजनाओं का करें क्रियान्वयन

**जगदलपुर 25 अप्रैल** । कलेक्टर श्री हरिस एस ने कहा कि जिले के किसानों और ग्रामीणों को पशुपालन गतिविधियों के माध्यम से आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए विभागीय योजनाओं और गतिविधियों का कारगर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। इस दिशा में राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजनातंर्गत गौ-पालन के लिए सहायता प्रदान करने सहित विभागीय योजनाओं के तहत सूकरत्रयी योजनांतर्गत सूकरपालन, बैकयार्ड कुक्कुटपालन योजना से कुक्कुटपालन एवं नर बकरापालन यूनिट के तहत बकरीपालन के लिए आवश्यक सहायता एवं प्रशिक्षण हितग्राहियों को प्रदान किया जाए। साथ ही नस्ल सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत किसानों एवं पशुपालकों के देशी नस्ल के गौवंशीय मवेशियों का कृत्रिम गर्भाधान करने के लिए व्यापक स्तर पर पहल किया जाए। कलेक्टर श्री हरिस एस गुरूवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में पशु चिकित्सा विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान उक्त निर्देश दिए।

उन्होंने किसानों एवं पशुपालकों के मवेशियों का नियमित रूप से उपचार और टीकाकरण सुनिश्चित किए जाने पर बल देते हुए उक्त कार्य को बारिश के पूर्व अभियान के रूप में चलाए जाने के निर्देश दिए।

# महिला एवं बाल विकास मंत्री राजवाड़े ने किया आंगनबाड़ी व नशामुक्ति केन्द्र का औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

**कांकेर 25 अप्रैल** । प्रदेश की महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने आज जिले में स्थित आंगनबाड़ी तथा नशामुक्ति केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने वृद्धाश्रम तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यालय का अवलोकन एवं निरीक्षण भी किया।



केबिनेट मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने आज सुबह जिले के चारामा विकासखण्ड मुख्यालय से लगे ग्राम दरगहन में आंगनबाड़ी केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पोषण ट्रैकर एप में एंट्री, रेडी-टू-ईट फूड तथा केन्द्र में रखरखाव का जायजा लिया। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने केन्द्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को विशेष तौर पर स्वच्छता बरतने और नियमित रूप से ऑनलाइन एंट्री दर्ज करने हेतु निर्देशित किया, साथ ही कुपोषित बच्चों को सामान्य स्थिति में लाने के लिए नियमित रूप से पालक भेंट करने और स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक के मार्गदर्शन में पोषण संबंधी सलाह लेने के निर्देश दिए। इसके उपरांत वे कांकेर स्थित नशामुक्ति केन्द्र, वृद्धाश्रम और दत्तक ग्रहण एजेंसी का सघन दौरा कर वस्तुस्थिति से अवगत हुई। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने वहां उपस्थित लोगों से चर्चा कर आवश्यक सुविधाओं एवं सेवाओं की जानकारी ली तथा सुविधाओं को और बेहतर बनाने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया।इसके अलावा उन्होंने विभाग में संचालित योजनाओं का अधिकाधिक लाभ दिलाने के लिए कार्ययोजना तैयार कर व्यापक प्रयास करने के निर्देश भी दिए। विशेष तौर पर महतारी वंदन योजना का लाभ लेने से वंचित महिलाओं को सम्मिलित करने के लिए तकनीकी त्रुटियों को ठीक कराने हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया। तदुपरांत श्रीमती राजवाड़े ने जिला महिला एवं बाल विकास कार्यालय में जाकर नवीनीकृत किए गए कक्षों का शुभारंभ फीता काटकर किया। इस अवसर पर विभाग के संचालक श्री पी.एस. एल्मा सहिल श्रीमती शालिनी राजपुत तथा श्री महेश जैन भी मौजूद थे।

# सुकमा जिले में 70 अटल पंचायत डिजिटिल सुविधा केन्द्र प्रारंभ



**सुकमा,25 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रति वर्ष 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया जाता है। यह दिन भारत में ग्राम स्वराज की भावना को सशक्त करने और लोकतंत्र को जमीनी स्तर तक पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जाता है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में आज जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव राज्य के प्रथम नक्सल सदस्य मुक्त पंचायत बड़ेसेट्टी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर सुकमा विकासखंड के ग्राम पंचायत झापरा में जिलास्तरीय कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम जॉइंट कलेक्टर डॉ सूरज कश्यप और जनपद सूरी सुश्री मधु तेता के मुख्य अतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मधुबनी, बिहार से प्रसारित वर्चुअल संबोधन के साथ हुई, जिसे ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों, ग्रामीण जन, अधिकारी एवं कर्मचारियों ने एक साथ देखा और सुना। प्रधानमंत्री श्री मोदी के विचार ने ग्रामीण विकास की दिशा में नई प्रेरणा दी। ग्राम सभा के दौरान पंचायत सचिव द्वारा उपस्थित ग्रामीण जनों को एजेंडा बिंदुवार जानकारी दी गई, जिसमें विकास योजनाओं से लेकर पंचायत की भूमिका तक की विस्तृत जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस सुविधा केंद्र के माध्यम से अब ग्रामीण जनों को बैंकिंग, सरकारी योजनाओं की जानकारी, दस्तावेजों की ऑनलाइन सेवाएं एवं अन्य डिजिटल सुविधाएं ग्राम पंचायत स्तर पर ही सुलभ होंगी। इस अवसर पर जल संरक्षण एवं जल संवर्धन, एक राष्ट्र-एक चुनाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता फैलाते हुए सभी उपस्थित जनों ने स्वच्छता की शपथ भी ली। छत्तीसगढ़ का सुकमा ज़िला, इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया का एक सशक्त उदाहरण है। सुकमा ज़िले में कुल 160 ग्राम पंचायतें हैं, जो स्थानीय शासन की इकाइयों के रूप में कार्य करती हैं। इन पंचायतों का संचालन ग्रामीणों द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों के माध्यम से होता है। पंचायतें न केवल विकास कार्यों का संचालन करती हैं बल्कि ग्रामीणों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान भी करती हैं। हाल ही में, फरवरी 2025 में सुकमा ज़िले में पंचायती चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुए। यह चुनाव प्रक्रिया लोकतंत्र की असली परीक्षा होती है क्योंकि इसमें आम नागरिक सीधे रूप से भाग लेते हैं। ग्राम पंचायत स्तर से लेकर जिला पंचायत तक, सभी स्तरों पर प्रतिनिधियों का चुनाव हुआ। इनमें पंच, सरपंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत अध्यक्ष जैसे पद शामिल हैं। इस बार चुनाव में महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही, जो सामाजिक समरसता और लैंगिक समानता की ओर एक सकारात्मक संकेत है। सुकमा ज़िले की पंचायतें राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के मूल संदेश गांव की सरकार, गांव के द्वार को साकार कर रही हैं। आने वाले समय में भी ये संस्थाएं लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ ग्रामीण विकास को मजबूती प्रदान करती रहेंगी।

### पढ़ेगा भारत परियोजना कार्यक्रम के अंतर्गत मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित



**सुकमा,25 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आर्सेलर मित्तल निप्पान स्टील इंडिया लिमिटेड के सौजन्य से परियोजना पढ़ेगा भारत कार्यक्रम के अंतर्गत मेधावी छात्र सम्मान समारोह 23 अप्रैल को सुकमा के वार्ड क्रमांक-15 कुम्हाररास में पार्षद श्री मांडवी हूर्रा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एस्सार परियोजना पाइप लाइन क्षेत्रांतर्गत आने वाले शैक्षणिक संस्थाओं कक्षा 5वी एवं 8वी मे अध्ययनरत बच्चो को उनके गत वर्ष मे प्राप्त परीक्षा परिणाम की उत्कृष्टता के आधार पर कक्षा मे प्रथम आने पर मेधावी सम्मान समारोह से सम्मानित किया गया। पढ़ेगा भारत परियोजना के तहत बच्चो को सायकिल का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में कम्पनी से श्री महेशकुमार डागा, श्री अनंता मीरधा, एपीसी समग्र शिक्षा श्री सीताराम सिंह राणा, कुम्हाररास स्कूल के बच्चों के पालक, ग्रामीण, जनप्रतिनिधि तथा संबंधित संस्थाओं के शिक्षक/शिक्षिकायें उपस्थित थे।

### सुविधा शिविर में मिलेंगी आधार, आयुष्मान, राशन कार्ड, पेंशन सहित अनेक सुविधाएं

**सुकमा,25 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सुविधाओं से ग्रामीणों को शत प्रतिशत लाभान्वित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और मार्गदर्शन में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 25 अप्रैल से 27 अप्रैल को ग्राम पंचायत बड़ेसेट्टी में सुविधा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के सफल क्रियान्वयन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सुकमा को नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत सुकमा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।सुविधा शिविर में आधारकार्ड निर्माण, आयुष्मान कार्ड निर्माण, महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत जॉब कार्ड निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राशन कार्ड, वन अधिकार मान्यता प्रमाण पत्र, वोटर आईडी कार्ड, बैंक खाता खोलना, नवीन आवेदन की पेंशन स्वीकृति दिव्यांग प्रमाण पत्र, पेंशन का भुगतान से लाभान्वित करने के साथ ही राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

### महतारी वंदन की जमा पूंजी से सफल उद्यमी बनकर आर्थिक गतिविधियों का संचालन



**बीजापुर 25 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के महत्वाकांक्षी योजना महतारी वंदन महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा कारगर साबित हो रही है योजना से लाभान्वित महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण के अनेकों उदाहरण देखने को मिल रहा है। बीजापुर जिले के सेक्टर कुटरु परियोजना अन्तर्गत सुमित्रा यादव की कहानी भी कुछ इस तरह है जिन्होंने अपनी सूझबूझ और शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण योजना महतारी वंदन योजना से लाभान्वित हो कर और योजना के राशि का समुचित प्रबंधन कर अपनी जमा पूंजी से मिनी हालर मिल खरीदकर एक सफल उद्यमी की ओर अग्रसर है। सुमित्रा यादव बताती हैं कि उनको मिलने वाली प्रति माह एक हजार रुपए को जमा करके मिनी हालर मिल खरीदकर धान कुटाई का काम शुरू की है जिसका उन्हें सकारात्मक प्रतिसाद मिला गांव के लोग सहित आस-पास गांव वाले भी उनके राइस मिल में आकर धान कुटवाते जिससे उन्हें अच्छी खासी आमदनी हो रही है उस आमदनी से बच्चों की पढ़ाई लिखाई एवं अन्य जरुरतों का व्यवस्था बहुत ही आसानी से हो जाता है। यह योजना मेरे लिए आर्थिक समृद्धि का मार्ग प्रशस्त की इस योजना से जुड़ने के लिए महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने आवश्यक मार्गदर्शन दिए और महतारी वंदन योजना से जोड़ा।सेक्टर कुटरु परियोजना के सुपरवाइजर श्रीमती प्रियंका भारद्वाज, पुष्पा मैडम, ललिता मैडम, जिला समन्वयक शुचि शुक्ला सहित अन्य कर्मचारियों ने सुमित्रा यादव की इस पहल की सराहना करते हुए उनके आर्थिक गतिविधियों की जानकारी दी।

# सड़कों पर समान सजाकर बैठे व्यापारी,लग रहा जाम

### संकरी होती सड़कों पर हर दिन हो रही दुर्घटनाएं

**पत्थलगांव, 25 अप्रैल।** दुकान से बाहर समान सजाकर रखने के कारण शहर की प्रमुख सडको मे दिनभर जाम लग रहा है। पिछले कुछ दिनो पहले जिला कलेक्टर ने दुकान से बाहर समान लगाकर उसे बेचने वाले व्यापारीयों पर कडी कार्यवाही के निर्देश दिये थे,परंतु शहर मे उसका कोई असर होता दिखायी नही दे रहा। दुकानो से बाहर समान सजाकर रखने एवं ग्राहको की चार पहिया वाहन के खडे रहने के कारण इन दिनो सडके हर समय जाम रह रही है। शादी विवाह का समय रहने के कारण इन दिनो बाजार मे काफी भीड दिखायी दे रही है,व्यापारी ग्राहको को लुभाने के लिए दुकान के बाहर दुकान से ज्यादा सामान सजाकर रखे हुये है,इन सामानो को खरीदने आने वाले ग्राहको की वाहन के कारण सडक मे जाम की स्थिती बन रही है। नगर पंचायत के पूर्व एल्डरमैन बबलू तिवारी ने शहर की सकरी सडको पर चिंता व्यक्त की है,उनका कहना है कि हर माह शहर की सडको मे दस से बारह दुर्घटनायें घटित हो रही है,बडी वाहन भी शहर के अंदर से बेहद तेज गति से निकलती है,जिसके कारण छोटी वाहनो को यहा साईड नही मिल पाता,अक्सर ये बडी वाहन के चपेट मे आ जाते है,जिससे दुर्घटनायें हो रही है। उनका कहना था कि शहर की सडके पिछले दस सालो की अपेक्षा काफी सकरी हो चुकी है,यातायात का दबाव भी काफी बढ चुका है। शहर के बाहर से बायपास मार्ग ना होने के कारण दिनभर आठ सौ से भी अधिक गाडियों का तीनो प्रमुख मार्गो मे आवागमन रहता है,ऐसे मे शहर की सडके सकरी और उन पर भी व्यापारीयों का सामान सजे रहने के कारण कही न कही दुर्घटनाओ का कारण बन रहे है। उनका कहना था कि प्रशासन को इस दिशा मे पहल करनी चाहिये। नगर पंचायत सडको से अतिक्रमण हटाने मे बेहद लचीला रूख अपना रही है। सडक मे सामान रखकर दुकानदारी करने वाले व्यापारीयों पर कार्यवाही ना होने के कारण यहा किसी भी बडे अधिकारी का कभी पालन नही होता।



**बैंकों के कारण लग रहा जाम**-:यहा के प्रमुख मार्गो मे लगभग सात से आठ राष्ट्रीयक्रीत बैंक की शाखा मौजुद है,उनमे से किसी के पास भी स्वयं का भवन नही है। ये सभी बैंक किराये के भवनो मे संचालित हो रहे है,भवन निर्माताओ ने अत्यधिक किराया के लालच मे भवन का निर्माण तो कर दिया,परंतु बैंक मे आने वाले ग्राहको की वाहनो को खडा करने के लिए पार्किंग व्यवस्था बनाना भूल गये। यहा के बैंक मे आने वाले अधिकांश ग्राहको की वाहन सडक किनारे खडे होती है,जिसके कारण बैंको के सामने हर समय जाम की स्थिती बन रही है। युवा नेता अतुल त्रिपाठी ने बैंको की पार्किंग व्यवस्था पर सवाल उठाये है,उनका कहना है कि किराये के लालच मे भवन निर्माताओ ने भवन का निर्माण तो कर दिया,परंतु ये वाहनो की पार्किंग के लिए जगह बनाना भूल गये।।

**चौपाटी के कारण लग रहा जाम**-:शहर के अंदर नगर पंचायत ने अब तक चौपाटी लगने का स्थल निर्धारित नही किया है। यहा के अंबिकापुर मार्ग मे शाम ढलते ही एक दर्जन व्यंजनो के ठेले गुमटी खडे हो जाते है,जिनमे आने वाले ग्राहको की संख्या काफी अधिक रहती है,ये अपनी चार चक्का या दुपहिया वाहन को सडक किनारे खडे कर जाम लगने मे अपनी जिम्मेदारी निभा रहे है। बार-बार ध्यानाकर्षण कराने के बाद भी आज तक चौपाटी स्थल का चयन नही हो पाया। वार्ड पार्षद संजय तिवारी ने चौपाटी के लिए नगर पंचायत को जगह चयनीत करने की बात कहते हुये शहर मे होने वाली दुर्घटनाओ से भी सचेत कराया है।

नगर पंचायत की टीम द्वारा भ्रमण कर दुकान से बाहर सामान रखने वालो पर कार्यवाही की जायेगी,उसके अलावा जल्द ही चौपाटी की जगह का भी चयन किया जा रहा है। बैंको को भी नोटिस तामिल कर पार्किंग व्यवस्था दुरस्त करने को कहा जायेगा।

## एक नजर

### टीबी निश्चय निरामय सह विशाल स्वास्थ्य शिविर में 645 मरीजों का पंजीयन

**रायगढ़, 25 अप्रैल।** विकास खंड धरमजयगढ़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छाल में स्वास्थ्य विभाग एवं एसईसीएल रायगढ़ के सौजन्य से आरकेएचआईवी रिसर्च एवं केयर सेंटर मुंबई द्वारा टीबी निश्चय निरामय सह विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 645 मरीजों का पंजीयन किया गया। जिसमें 395 बीपी शुगर जांच किया गया। वही 22 टीबी संदेहास्पद, 9 बुखार, 27 एएनसी जांच किए गए शेष अन्य रोग जांच कर एवं दवा वितरण किया गया।कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अनिल कुमार जगत, जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ जय कुमारी चौधरी, विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ बी एल भगत, एसईसीएल रायगढ़ के श्री अनिरुद्ध अनिरुद्ध सिंह, जनरल मैनेजर श्री मिश्रा, सहायक जनरल मैनेजर डॉ गजानन साहू, डॉ पूजा, चिकित्सा अधिकारी एवं आर के एचआईवी केयर एंड रिसर्च सेंटर से प्रोजेक्ट हेड सुश्री योगिता बोरकर सहित अन्य स्वास्थ्य विभाग के अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।

### लू के लक्षण एवं बचाव के संबंध में स्वास्थ्य विभाग ने दी जानकारी

**रायगढ़, 25 अप्रैल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनिल कुमार जगत ने लू के लक्षण एवं बचाव के संबंध में जानकारी दी है। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए आम जनता से अपील किया है कि लू के प्रभाव को गंभीरता से लें, इससे बचाव हेतु आवश्यक सावधानी बरतने एवं और सुरक्षित रहने के उपाए बताए।

**क्या करें**-घर से बाहर निकलने के पहले पर्याप्त पानी अवश्य पियें। सूती, ढीले एवं आरामदायक कपड़े पहनें। धूप में निकलते समय अपना सिर ढंककर रखें, टोपी, कपड़ा, छतरी का उपयोग करें। पानी, छाछ, ओ.आर.एस. का घोल या घर में बने पेय पदार्थ जैसे-लस्सी, नींबू पानी, आम का पना इत्यादि का सेवन करें। ताजा भोजन करके ही घर से निकलें, धूप में अधिक निकलने से बचें।

**क्या न करें**-धूप में खाली पेट न निकलें। पानी हमेशा साथ में रखें। शरीर में पानी की कमी न होने दें। धूप में निकलने के पूर्व तरल पदार्थ का सेवन करें। मिर्च मसाले युक्त एवं बासी भोजन न करें। बुखार आने पर ठंडे पानी की पट्टियां रखें। कूलर या एयर कंडीशन से धूप में एकदम न निकलें। साथ ही अनावश्यक धूप में न निकलें।

**लू के लक्षण**-सिरदर्द, बुखार, उल्टी, अत्यधिक पसीना एवं बेहोशी आना, कमजोरी महसूस होना, शरीर में ऐठन, नब्ज असामान्य होना।

**ध्यान रखें लू के लक्षण हो तो**-व्यक्ति को छायादार जगह पर लिटायें, व्यक्ति के कपड़े ढीले करें, उसे पेय पदार्थ कच्चे आम का पना आदि पिलायें। तापमान घटाने के लिये ठंडे पानी कि पट्टियां रखें। प्रभावित व्यक्ति को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में ले जाकर चिकित्सकीय परामर्श लें।

# गरियाबंद के उदंती में बाघ की वापसी दो भैंसों का शिकार, विभाग प्रसन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 25 अप्रैल। छत्तीसगढ़** के गरियाबंद जिले के उदंती वन क्षेत्र में लंबे समय बाद बाघ की मौजूदगी के स्पष्ट प्रमाण मिले हैं। उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में एक बाघ ने दो भैंसों का शिकार किया है, जिसके बाद वन विभाग ने क्षेत्र में हाई अलर्ट जारी कर दिया है। ग्रामीणों की सूचना पर वन अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की, जहां बाघ के पदचिन्ह पाए गए। वन विभाग का यह भी कहना है कि बाघ 1 से 2 भी हो सकते हैं क्योंकि पाए गए पद चिन्ह एक छोटे आकार का है तो दूसरा बड़ा आकार का है इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि दो बाघ संभवत हो सकते हैं ।क्षेत्रीय ग्राम जनप्रतिनिधियों ने भी इस बात की पुष्टि की है

### प्लास्टर ऑफ पेरिस से लिया गया पदचिन्ह का सैंपल

वन विभाग की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पदचिन्हों का सैंपल प्लास्टर ऑफ पेरिस से लिया। उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने इन पदचिन्हों की जांच के बाद पुष्टि की कि ये बाघ के ही हैं। उन्होंने बताया कि दिसंबर 2022 के बाद से क्षेत्र में बाघ



की मौजूदगी के कोई ठोस प्रमाण नहीं मिले थे, लेकिन अब इन नए सबूतों से बाघ की वापसी की पुष्टि हुई है।

ट्रैप कैमरे लगाए, मुनादी के जरिए सतर्कता वन विभाग ने बाघ की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए क्षेत्र में ट्रैप कैमरे लगाए हैं। साथ ही, ग्रामीणों को सतर्क रहने और अकेले जंगल में न जाने की सलाह दी गई है। आसपास के गांवों में मुनादी कराकर लोगों को जंगल में सावधानी बरतने के निर्देश दिए जा रहे हैं। वन अधिकारियों ने ग्रामीणों से पशुओं को खुले में न छोड़ने और रात में सतर्क रहने की अपील की है

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में बाघों को लेकर पहले से ही चिंताजनक स्थिति रही है दिसंबर 2022 के बाद क्षेत्र में बाघ की मौजूदगी के कोई स्पष्ट सबूत नहीं मिले थे, जिसके कारण वन्यजीव प्रेमियों और विशेषज्ञों में चिंता थी। अब बाघों के पदचिन्ह मिलने और भैंसों के शिकार की घटना ने इस टाइगर रिजर्व में बाघों की सक्रियता की उम्मीद जगाई है।वन विभाग की कार्रवाई और भविष्य की योजना

### बाघ की वापसी पर वन विभाग प्रसन्न

उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया कि ट्रैप कैमरों से प्राप्त फुटेज में धारी का मिलन और विश्लेषण कर बाघों की पहचान और उनकी गतिविधियों की जानकारी जुटाई जाएगी। साथ ही, क्षेत्र में बाघों के संरक्षण और मानव-वन्यजीव संघर्ष को रोकने के लिए जरूरत अनुसार उपाय किए जाएंगे। बाघ की वापसी की खबर से जहां वन्यजीव संरक्षण के दृष्टिकोण से उत्साह जनक है, बाघों के संरक्षण और उनके प्राकृतिक आवास को मजबूत करने की जरूरत को रेखांकित करती है। वन विभाग की त्वरित कार्रवाई और सतर्कता से उम्मीद है कि इस क्षेत्र में बाघों की सुरक्षित मौजूदगी सुनिश्चित की जा सकेगी।

# जान पर खेलकर दादा ने तेंदुआ से पोते की जान बचाई कलेक्टर और डीएफओ ने स्मृति चिन्ह भेंट किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 25 अप्रैल।** विकासखण्ड छुरा अंतर्गत ग्राम कोठीगांव के रहने वाले बुजुर्ग दर्शन नेताम ने साहस एवं बहादुरी का परिचय देते हुए अपनी जान पर खेलकर 4 वर्षीय पोते प्रदीप नेताम को तेंदुआ के जबड़े से छुड़ाया। आंगन में खेल रहे बालक प्रदीप को जरा भी एहसास नहीं था कि तेंदूआ उन पर हमला कर उन्हें ले जायेगा। बालक पर झपट्टा मारकर जंगल की ओर ले जाते हुए तेंदूआ को जैसे ही प्रदीप के दादा ने देखा उन्होंने अपनी जान की परवाह न करते हुए तेंदूए की ओर दौड़ लगाई। अधिक दूरी पर नहीं गये तेंदूए के पीठ पर कूदकर उन्होंने अपने पोते को उनके जबड़े से छुड़ाया। तत्पश्चात तेंदुआ जंगल की ओर भाग निकला। इसमें बालक प्रदीप को तेंदूए के पंजे के हमले से हल्की चोट आई, लेकिन जान बच गई। बुजुर्ग दर्शन सिंह के वीरता भरे कार्य से खुशी जताते हुए कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने आज उन्हें कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में डीएफओ लक्ष्मण सिंह एवं एसडीओ मनोज चंद्राकर की मौजूदगी में स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान कलेक्टर ने बुजुर्ग दर्शन नेताम के साथ आये उनके पोते बालक प्रदीप का स्वास्थ्यगत हालचाल जाना एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने बुजुर्ग दर्शन नेताम के हौसले एवं जज्बे को सलाम करते हुए अपने पोते की जान बचाने एवं उन्हें नई जीवन प्रदान करने उनकी खूब प्रशंसा की। साथ ही जंगलों के नजदीक रहने वाले ग्रामीणों से जंगली जानवरों से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण बिना सुरक्षा साधनों एवं अंधेरों में जंगलों में न जाये। कहीं भी रहवासी इलाकों में जंगली जानवरों के दिखाई दिने पर तत्काल वन विभाग के अमलों को सूचित करे। इस दौरान डीएफओ लक्ष्मण सिंह ने भी बुजुर्ग दर्शन नेताम के वीरता की प्रशंसा करते हुए जंगली जानवरों से सतर्क एवं सुरक्षित रहने की अपील की।

### कृषि में नवाचार, ऑयल पाम की खेती ने बदली कैलाश शर्मा की किस्मत

**रायगढ़, 25 अप्रैल।** आज के समय में जब पारंपरिक खेती किसानों के लिए चुनौती बन रही हैं, वहीं कुछ प्रगतिशील किसान नवाचार और सरकारी योजनाओं को अपनाकर उन्नति के नए रास्ते खोल रहे हैं। ऐसे ही किसान है विकासखण्ड तमनार के ग्राम-छिंदभौना के श्री कैलाश शर्मा। जिन्होंने परंपरागत कृषि से अलग ऑयल पाम की खेती को अपनाकर न सिर्फ अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाया, बल्कि आसपास के अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत बने है।वर्ष 2018-19 में श्री कैलाश शर्मा ने उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन एवं सहयोग से नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल (ऑयल पाम) के अंतर्गत 5 हेक्टेयर भूमि में पौधारोपण किया।

नियमित देखरेख और परिश्रम का परिणाम यह रहा कि वर्तमान वर्ष में उन्हें 24 हजार 433 किलोग्राम एफ.एफ.बी.का उत्पादन प्राप्त हुआ, जिससे 3 लाख 43 हजार 800 की आय अर्जित हुई।इसका परिणाम यह हुआ कि श्री शर्मा की इस सफलता से प्रेरित होकर उनके परिवार के अन्य 4 सदस्यों ने भी ऑयल पाम रोपण की दिशा में कदम बढ़ाया ।

# संगम अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन




**बीजापुर, 25 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पंचायत सभागार में संगम अभियान के तहत् जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। संगम अभियान का मुख्य उद्देश्य महात्मा गांधी नरेगा एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं पंचायत विभाग की अन्य योजनाओं के अभिसरण से स्थायी ग्रामीण विकास माडल तैयार करना है। जीआईएस तकनीकी का उपयोग कर बेहतर योजना निर्माण करना है। महात्मा गांधी नरेगा के कार्यो की गुणवत्ता व उनकी जल संरक्षण , आजीविका संवर्धन एवं पर्यावरण स्थिरता हेतु प्रभाव बढ़ाना है।कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमंत रमेश नंदनवार के निर्देशन में आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला में भागीदारों द्वारा जल संरक्षण का संकल्प लिया गया।सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा श्री मनीष सोनवानी ने कार्यशाला में एनआरएलएम योजना से जुड़ी महिलाओं को मनरेगा योजना से जल संरक्षण हेतु किये जाने वाले कार्यों की जानकारी देने के साथ ही एसएचजी की महिलाएं आजीविकामूलक गतिविधि से जुड़कर कैसे लखपति दीदी की श्रेणी में आ सकती है, इसकी जानकारी दी

# महिला एवं बाल विकास विभाग ने रोके कुटरू क्षेत्र में 2 बाल विवाह



**बीजापुर, 25 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशन पर जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री कांता कुमार मेश्राम के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा नियमित रूप से ग्राम पंचायतो में शिविर/आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम एवं स्कूल/कॉलेजों में जागरूकता अभियान कार्यक्रम कर बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के लिए बृहद स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में बीजादूतीर किशोर-किशोरियों का भी विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। कुटरू परियोजना अंतर्गत ग्राम ताडमेर एवं ग्राम टुंगेली में बाल विवाह आयोजन के संबंध में गोपनीय सूचना महिला एवं बाल विकास विभाग को प्राप्त हुआ जिस पर बाल विवाह की सूचना मिलने पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती प्रियंका भारद्वाज, श्रीमती ललिता साहू, कु पुष्पा गेंदरे एवं श्री नवीन मिश्रा संरक्षण अधिकारी श्रीमती शीला भारद्वाज महिला संरक्षण अधिकारी, श्री संदीप चिडेम, सुश्री नगीना लेकाम, श्री राजेश मडे, श्री जगत मलहोत्रा का टीम बनाकर उक्त ग्राम में संबंधित स्थान पर भ्रमण किया गया जिस पर पाया गया की ग्राम ताडमेर में जिन बालक एवं बालिका विवाह आयोजन पूर्व तैयारी किया जा रहा था। उसमें बालक की आयु 17 वर्ष बालिका की आयु 15 वर्ष एवं ग्राम टुंगेली में बालक की आयु 16 वर्ष एवं बालिका के आयु संबंधित दस्तावेज नहीं होने के कारण आयु सत्यापन नही हो पाया उक्त ग्राम में उनके परिवार को ग्रामवासियों के समक्ष में बाल विवाह के दुष्परिणाम एवं बाल विवाह करने पर कानूनी प्रावधान से अवगत करा कर समाझाईस दी गई पंचनामा तैयार किया गया है। इस पर परिवार वाले बाल विवाह नहीं करने का शपथ लिया बाल विवाह मुक्त बनाने हेतु ग्राम पंचायतों में - जनप्रतिनिधियों/महिलाओं एवं किशोर-किशोरियों जागरूक किया जा रहा है, जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए जिले में कार्यरत बीजादूतीर स्वयं सेवकों का भी सहयोग लिया जा रहा है। विभाग द्वारा चलाये जा रहे जनजागरूकता का प्रभाव दिख रहा है।

# इस्लामिक आतंकवाद के खिलाफ निकाला गया कैंडल मार्च



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 25 अप्रैल।** बीते 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी घटना के विरोध में पूरा देश गुस्से से उबल रहा है। गुरुवार शाम को आवराभाटा टेकनार चौक दंतेवाड़ा में शिक्षक, छात्रों एवं नगरवासियों ने केंडल मार्च निकालकर घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी और आतंकवादी घटना की कड़े शब्दों में निंदा की। इस मौके पर सभी ने एक स्वर में भारत सरकार से इस्लामिक जेहादी आतंकवादियों को समूल नष्ट करने की मांग की और कहा कि हमारे 28 भारतीयों की मौत का बदला भारत सरकार जल्द ले। आतंकवादियों को उन्हीं की भाषा में जवाब देते हुए उन्हें मिट्टी में दफन किया जाए। बहुत सह लिया भारत ने अब आतंक को जड़ से खत्म करने का वक्त आ गया है। आतंक को पालने पोसने वाले देश पाकिस्तान को भी करारा जवाब देने का समय आ गया है।



# बचेलीवासियों ने घड़ी चौक पर दी श्रद्धांजलि

**बचेली,25 अप्रैल।** बुधवार दिनांक 23 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों के हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को बचेली वासियों ने श्रद्धांजलि दी स्थनीय नगरवासियों एवं व्यापारियों ने आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे भी लगाए पहलगाम हमलों के मृतकों को लौहनगरी बचेली वासियों ने दीये जलाकर दी श्रद्धांजलि आतंकियों को नेस्तनाबूत करने की हैं मांग जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी घटना में हताहत हुए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए बचेली में स्थित घड़ी चौक पर नगरवासियों ने दिया जला कर श्रद्धांजलि अर्पित किया शाम करीब 07 बजे बचेली में स्थित घड़ी चौक पर एकत्र हुए नगरवासी व व्यापारियों ने आतंकवाद व पाकिस्तान मुर्दाबाद के जमकर नारे लगाए इस दौरान, बचेली नगर के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रताप मन्ना,संजीव साव, गुड्डा ,जी एस कुमार स्थनीय व्यापारी सुजीत विस्वास,विस्वजीत सरकार, बालाजी डाकुआ, नवीन लखेरा पिंकु सरकार एवं नगर के वरिष्ठ एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# जनसंपर्क विभाग ने लगाई सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रदर्शनी



**बीजापुर, 25 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के मुसालूर चौक स्थित धनोरा गोंडवाना भवन में तीन दिनों तक चले पेन करसाड़ और सामाजिक गोष्ठी का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस कार्यक्रम में विष्णुदेव साय सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी जनसंपर्क विभाग द्वारा दी गई, जिसका लाभ उठाने के लिए जिले भर से हजारों ग्रामीण उपस्थित हुए।इस दौरान जनसंपर्क विभाग ने हितग्राहियों के साक्षात्कार युक्त छत्तीसगढ़ संवाद पत्रिका जनमन का वितरण किया, जिससे लोगों को योजनाओं के जमीनी स्तर पर पड़ने वाले प्रभावों को समझने में मदद मिली। इसके अतिरिक्त, एलईडी स्क्रीन के माध्यम से योजनाओं से लाभान्वित व्यक्तियों के अनुभव साझा किए गए। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण लोक कला जत्था के कलाकारों द्वारा दी गई प्रस्तुति रही, जिन्होंने साय सरकार के जनजातीय विकास कार्यों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति ने उपस्थित ग्रामीणों का खूब मनोरंजन किया।तीन दिवसीय इस आयोजन में ग्रामीणों ने न केवल सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त की, बल्कि लोक कला का भी भरपूर आनंद लिया। यह कार्यक्रम सरकार और आम जनता के बीच संवाद स्थापित करने और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण साबित हुआ।

# राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर ग्राम पंचायत तमनार के ग्रामीणों से मुख्यमंत्री ने किया सीधा संवाद






**रायगढ़, 25 अप्रैल।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं डिप्टी सीएम एवं पंचायत मंत्री श्री विजय शर्मा ने प्रदेश के ग्रामीणों को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के विकास में पंचायतों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए चयनित ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों से सीधा संवाद भी किया। जिसमें रायगढ़ जिले के जनपद पंचायत तमनार के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों से भी सीधा संवाद किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों से योजना के सुचारू क्रियान्वयन, आर्थिक एवं सामाजिक लाभ पर चर्चा की। साथ ही मुख्यमंत्री ने अपने 20 वर्षीय सांसद के कार्यकाल में रायगढ़ की जनता का आभार व्यक्त किया ।

कार्यक्रम में ग्राम स्तर पर अटल डिजिटल सुविधा केंद्र की भी शुरुआत की गई, जिसमें सीएससी की सेवाओं के साथ वित्तीय समावेशन सेवाएं भी साथ में चालू की गई। जिसके तहत नगद आहरण, राशि हस्तांतरण, बीमा, पेंशन, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन आदि सुविधाएं प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत जल संरक्षण हेतु संकल्प एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। प्रदेश स्तर पर 1460 एवं जिले में ग्राम स्तर पर 72 अटल डिजिटल सुविधा केंद्र की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में शामिल डिप्टी सीएम एवं पंचायत मंत्री श्री विजय शर्मा ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर प्रदेश वासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी साथ ही ग्रामीण विकास हेतु अपनी प्रतिबद्धता जताई। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर जिले के सभी ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के बिहार के मधुबनी से उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्री रमेश बेहरा, जनपद पंचायत तमनार अध्यक्ष श्री जागेश सिदार, ग्राम पंचायत सरपंच सुश्री गुलापी सिदार, उप संचालक पंचायत श्री नीलाराम पटेल, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री महेश पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तमनार श्री संजय चंद्रा एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# दिव्यांगजनों के लिए शिविर

**रायगढ़, 25 अप्रैल।** विकास खंड पुसौर के ग्राम पंचायत बड़े भंडार के स्वास्थ्य केन्द्र में दिव्यांग जन शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग के द्वारा जिले के सभी जनपदों में कलस्टर वार दिव्यांग जनों की सुविधा के लिए दिव्यांग जनों का चिन्हाकन, आंकलन यूडीआईडी कार्ड बनाने हेतु शिविर लगाया जा रहा है। उक्त शिविर में जिला चिकित्सा के विशेषज्ञ टीम भी पहुँच रही हैं। सभी प्रकार के दिव्यांग जन आ रहे हैं और अपना पंजीयन करवा रहे हैं।समाज कल्याण विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा 21 प्रकार की दिव्यांगता पर प्रकाश डालते हुए लोगों को जानकारी दी जा रही हैं। साथ ही नशा मुक्त भारत अभियांन अभियान कार्यक्रम के तहत उपस्थित जन समूह को नशा खोरी से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए ये बताया जा रहा है कि दिव्यांगता सिर्फ जन्म से ही नहीं आती हैं, बल्कि नशे के आदी व्यक्तियों को अत्यधिक मात्रा में नशा खोरी करने पर शरीर के कई हिस्से शिथिल होकर काम करना बन्द कर देता हैं।



**रायपुर।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष व पूर्व पार्षद रमेश आहूजा ने पहलगाम में मारे गये नागरिकों को अपने साथियों के साथ मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर रमेश आहूजा के साथ मनमोहन विग, प्रकाश नरवानी, अमृतलाल पंजवानी, मनीष टांक, भीमा राजस्थानी, राधेश्याम अग्रवाल, मनोहर खुर्सीजा वेद प्रकाश मुंडेजा, प्रशांत साहू आदि उपस्थित थे।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जेएसएस बीजापुर में स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन



**बीजापुर, 25 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज जन शिक्षण संस्थान बीजापुर में स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया। जन शिक्षण संस्थान बीजापुर कौशल विकास एंव उघमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सम्प्रेषित संस्थान है। जिसका संचालन आईसेक्ट संस्था भोपाल द्वारा किया जा रहा हैं। संस्था का उद्देश्य जिले के कम पढ़े-लिखे नवसाक्षर 10 वीं, 12 वीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को उनकी रूचि अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार व स्व-रोजगार से जोड़कर उनके आय में वृद्धि कराना है। साथ ही उनकी स्वास्थ्य, शिक्षा आदि को सशक्त करना है जिससें उनका सर्वागीण विकास हो सके और समानतामूलक समाज की स्थापना हो। इसी कड़ी में आज जे.एस.एस. से जुड़कर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हितग्राहीयों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परिक्षण एवं दवा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में सहयोग मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग बीजापुर का रहा। जहां से डॉ डॉ. नरेंद्र कौशिक (आरएमए), ममता पांडे (सीएचओ), डी. दुर्गम (आरएचओ), वन्दना मोरला (आरएचओ), चरण दास कावरे (आरएचओ, श्रुति शुक्ला (डीएमसी) , हर्षिता पांडे (यूनिसेफ, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर), यतीश कुमार (डीईओ), राहुल नीलम (डीईओ) के नेतृत्व में सफल हुआ।

# जल संचयन महाभियानः अब तक एक हजार सोखता गड्ढे का निर्माण

■ 519 ग्राम पंचायतों में किया गया निर्माण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**बलौदाबाजार, 25 अप्रैल।** जल संचयन महाभियान अंतर्गत भू-जल स्तर बढ़ाने जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में हर नलकूप के पास सोखता गड्ढा का निर्माण किया जा रहा है।अब तक जिले के 519 ग्राम पंचायतों में करीब एक हजार सोखता गड्ढे का निर्माण पूरा कर लिया गया है। सी ई ओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल ने बताया कि जल संचयन महाभियान अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 22 से सोखता गड्ढा का निर्माण शुरू किया गया है। संतृप्तता अभियान से जिले के समस्त ग्राम पंचायत के प्रत्येक नलकूप के पास सोखता गड्ढा का निर्माण किया जाएगा। सोखता गड्ढा निर्धारित मापदंड अनुरूप किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जल संचयन व जल के सदुपयोग को लेकर जिले में 18 अप्रैल से 15 मई 2025 तक जल संचयन महाभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। महाभियान के तहत जल संचय एवं संरक्षण के महत्व को समझाकर समुदाय को प्रेरित किया जा रहा है कि वर्षा जल संचयन और पानी के सदुपयोग से जल संकट से बचा जा सकता है।

जल संचयन महाभियान का उद्देश्य जल संचयन और जल संरक्षण को बढ़ावा देना है जिससे जल संसाधनो का संरक्षण हो सके और भविष्य के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

## एसडीएम के माध्यम से सीएम साय को सौंपा ज्ञापन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भानुप्रतापपुर, 25 अप्रैल।** शिवसेना द्वारा अंतागढ़ एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ को ज्ञापन सौंपकर कांकेर जिला के अंतागढ़ ब्लॉक में स्थित रावघाट लोह अयस्क परियोजना द्वारा स्थानीय क्षेत्र के के साथ किया जा रहे सौतेला व्यवहार को दूर करने की मांग किया है ।एवं स्थानीय क्षेत्र का रावघाट परियोजना के माध्यम से विकास करने की मांग किया है । शिवसेना द्वारा ज्ञापन में कहा गया है कि रावघाट माइस खुलने के पहले अधिकारियों ने क्षेत्र के आम जनता को बहुत से सपने दिखाए पर रावघाट माइस खुलने के बाद क्षेत्र का कोई विकास नहीं हुआ। शिवसेना सरकार से मांग करती है कि रावघाट परियोजना के माध्यम से अंतागढ़ से नारायणपुर तक का सड़क का निर्माण कराया जाए ।क्षेत्र के आम जनता को उच्च स्तर के स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल प्रारंभ किया जाए ।क्षेत्र में उच्च शिक्षा हेतु सर्व सुविधायुक्त स्कूल कॉलेज एवं अच्छे शिक्षकों की नियुक्ति की जाए। क्षेत्र के बेरोजगारों को रावघाट माइस में रोजगार उपलब्ध कराया जाए। क्षेत्र के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु कोचिंग संस्था प्रारंभ किया जाए। क्षेत्र के पर्यावरण संरक्षण हेतु विशेष प्रयास किए जाएं। क्षेत्र के किसानों हेतु सिंचाई सुविधा हेतु बाध ,नहर ,नाली का निर्माण किया जाए ।क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में बचे हुए पुल ,पुलिया, बिजली, पानी की व्यवस्था की जाए।

## एक नजर

### ईंट भट्ठा में बंधक बनाए गए मजदूरों को सकुशल कराया गया मुक्त



**बलौदाबाजार, 25 अप्रैल।** आवेदक मंटोरिया भाई ध्रुव निवासी ग्राम मल्दी द्वारा सूचना प्रदान किया गया कि उसके परिवार के सदस्यों को ग्राम गंगरौली जिला गोण्डा उत्तर प्रदेश में ईंट भट्ठा में काम करने के लिए बंधक बना लिया गया है। साथ ही उनके मोबाइल आदि को भी छीनकर रख लिया गया है एवं उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। की सूचना पर नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में थाना सुहेला पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए जिला गोण्डा उत्तर प्रदेश की पुलिस टीम से संपर्क किया गया एवं आपसी समन्वय स्थापित कर बंधक मजदूरों को उक्त ईंट भट्ठा से सकुशल मुक्त कराया गया। तत्पश्चात उक्त सभी मजदूर सकुशल वापस अपने गृहग्राम लौटे। आज दिनांक 24.04.2025 को पुलिस द्वारा बंधक मजदूरों को सकुशल मुक्त कराने हेतु किए गए प्रयासों के लिए संबंधित परिवार द्वारा अत्यंत प्रसन्न मुद्रा में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता से भेंट कर उनका धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### जल स्तर गिरने व लो-वोल्टेज से नहीं चल पा रहे हैं पंप, भर नहीं पा रही है पानी टंकिया

**मोहला, 25 अप्रैल।** झुलसा देने वाली धूप एवं भीषण गर्मी में नगरीय निकाय क्षेत्र में नगरवासियो को पेयजल के लिए भीषण संकट का सामना करना पड रहा है। वाटर लेबल डाउन होने से नगर के हर वार्डो में नागरिकों को पानी के किल्लत का सामना करना पड रहा है। जल स्तर गिरने से निकाय क्षेत्र की पानी टंकिया भी बोर से नही भर पा रही और सीधे नलकूप से चलने वाले पंप से भी पेयजल आपूर्ती नही हो पा रही है। इससे नगर पंचायत भी दोनो समय नलो से पेयजल आपूर्ती नही कर पा रही है। इससे नगर में पेयजल संकट गहरा गया है। इधर पानी नही मिलने से नागरिको का पारा चढ गया है और उनका आक्रोश नगर पंचायत पर फूट रहा है। नगर पंचायत की नई परिषद को गर्मी में नगर के सभी वार्डो में नागरिको को पेयजल आपूर्ती करने में कठिन चुनौतिया का सामना करना पड रहा है। जल स्तर गिरने से निकाय की मुसीबते बढ गई है। बस स्टैन्ड, हडडी गोदाम, मेरेगांव एवं कान्हे की पानी टंकिया वाटर लेबल डाउन होने के कारण भर नही पा रही है। जिससे दोनो समय नलो से पेयजल आपूर्ती करना निकाय के लिए एक बडी समस्या बनी हुई है। परेशानिया इसलिए भी ज्यादा बढी हुई है की पीएचई के समूह जल सयंत्र योजना से अंबागढ चौकी निकाय को नियमित पानी नही मिल पा रहा है। निकाय द्वारा पेयजल संकट से जुझ रहे अधिकतर वार्डो में टैंकरो के माध्यम से सुबह से शाम तक पेयजल आपूर्ती कर रही है लेकिन इसके बाद भी नगर पंचायत को नागरिको के आक्रोश का सामना करना पड रहा है।

### जल जीवन मिशन का जिले में होना चाहिए बेहतरीन क्रियान्वयनः कलेक्टर

**राजनांदगांव 25 अप्रैल।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जल जीवन मिशन एवं पेयजल आपूर्ति के लिए किए जा रहे कार्यों की सघन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भू-जल स्तर नीचे चले जाने के कारण पानी की समस्या को ध्यान में रखते हुए हैण्डपंप की मरम्मत एवं पेयजल आपूर्ति के लिए निरंतर कार्य करते रहे। उन्होंने हैण्डपंप के सुधार तथा पेयजल के अन्य स्त्रोतों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ऐसे हैण्डपंप जिनमें जल स्तर नीचे चला गया है, वहां विशेष तौर पर कार्य करने की आवश्यकता है। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अंतर्गत कांट्रेक्टर की लापरवाही के कारण अधूरे निर्माण कार्यों के प्रति गहरी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने अपूर्ण कार्यों के संबंध में सभी कांट्रेक्टर्स के कार्यों की समीक्षा करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि अगले माह अधूरे निर्माण कार्य में प्रगति दिखाई देनी चाहिए। उन्होंने सभी सब इंजीनियर्स से कहा कि दौरा करें और अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए कांट्रेक्टर पर कड़ाई बरते। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन शासन की महत्वपूर्ण योजना है, जिले में इसका बेहतरीन क्रियान्वयन होना चाहिए। जल जीवन मिशन के कार्य गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर पंप की स्थापना के अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने ग्रामीण क्षेत्रों में हैण्डपंप की स्थिति, पेयजल व्यवस्था, घरेलू कनेक्शन की प्रगति, जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत पाईप लाईन एवं प्रावधानिक उच्च स्तरीय जलागार, पानी टंकी निर्माण, जल जीवन मिशन अंतर्गत सोलर पंप टंकी स्थापना के कार्यों के संबंध में समीक्षा की।

# मुख्यमंत्री साय ने मोर गांव, मोर पानी महाभियान का किया शुभारम्भ

■ अर्जुनी में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का हुआ उद्घाटन

■ पीएम आवास के हितग्राहियों को सौंपी खुशियों की चाबी

■ जिले में मनाया गया राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 25 अप्रैल।** राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने गुरुवार को मोर गांव, मोर पानी महाभियान का शुभारम्भ राजधानी रायपुर से किया। कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिले ऑनलाइन माध्यम से जुड़े थे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।इस कार्यक्रम में बलौदाबाजार विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अर्जुनी में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से ऑनलाइन जुड़े थे। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस की शुभकामनायें दी और विभिन्न जिले के पंचायत प्रतिनिधि एवं हितग्राहियों से ऑनलाइन संवाद किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने जल संचयनकी शपथ दिलाई।इसके साथ ही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सम्बोधन के जीवंत प्रसारण को ऑनलाइन देखा गया।

राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत अर्जुनी में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ कलेक्टर दीपक सोनी, जिला पंचायत सदस्य ईशान वैष्णव, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, सरपंच कविता ध्रुव सहित पंचगणों ने भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत अर्जुनी में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का उद्घाटन और हितग्राही टिकेश्वरी साहु के बैंक खाते से राशि आहरण कर नगद भुगतान का शुभारम्भ किया । अटल डिजिटल सुविधा केंद्र शुरू होने से अब ग्राम पंचायत में ही बैंकिंग की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही जन्म -मृत्यु प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, आधार कार्ड, सहित अन्य नागरिक सुविधाएं भी प्राप्त होंगी। प्रथम चरण में प्रत्येक विकासखंड के 10 -10 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र शुरू होंगे।कलेक्टर ने अटल डिजिटल केंद्र का बेहतर संचालन तथा लोगों के विश्वास पर खरा उतरने के निर्देश सीएससी संचालक को दिये। इसके साथ ही केंद्र का बेहतर साज -सज्जा व रख -रखाव के भी निर्देश दिये। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास पूर्ण करने वाले हितग्राही सातो बाई एवं जानकी बाई को खुशियों की चाबी सौंपा गया। कलेक्टर ने भूमिहीन हितग्राहियों को पीएम आवास का लाभ दिलाने के लिए गांव के आबादी जमीन का चिन्हांकन कर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश तहसीलदार को दिये। इसी तरह अर्जुनी में ग्राम पंचायत भवन व सीएलएफ भवन की स्वीकृति एवं लालबंधा तालाब से जल कुम्भी की सफाई के लिए प्रस्ताव तैयार करने के भी निर्देश दिये।उन्होने जल संचयन वाहिनी को जल संचयन महाभियान में बेहतर कार्य करने कहा।ग्राम पंचायत अर्जुनी सहित जिले के सभी ग्राम पांचयतो एवं जनपद पंचायतों में राष्ट्रीय पंचायत दिवस मनाया गया।

## नपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने किया अमृत धारा प्याऊ घर का उद्घाटन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 25 अप्रैल।** भीषण गर्मी के मौसम में राहगीरों को शीतल जल की सुविधा प्रदान करने हेतु मारवाड़ी युवा मंच ग्रैंड सिटी द्वारा भाटापारा नगर में स्थापित अमृत धारा प्याऊ घर का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा के करकमलों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि जल सेवा सबसे श्रेष्ठ सेवा मानी गई है। अमृत धारा प्याऊ का शुभारंभ जनकल्याण की दिशा में एक सराहनीय कदम है, जो न केवल प्यास बुझाएगा, बल्कि सामाजिक चेतना को भी जागृत करेगा। उन्होंने मारवाड़ी युवा मंच के सभी पदाधिकारियों एवं सहयोगियों को इस प्रेरणादायक पहल के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मंच के प्रमुख सदस्यों, नगर के गणमान्य नागरिकों, युवाओं तथा आम जन की उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर इस प्याऊ को जन उपयोग के लिए समर्पित किया और समाज सेवा में निरंतर योगदान देने का संकल्प लिया। सेवा ही संगठन की पहचान है – इस मूलमंत्र को साकार करती यह पहल निश्चित ही अनुकरणीय है।

## पहलगाम में आतंकी हमले की प्रेस क्लब भखारा ने की निंदा



**भखारा, 25 अप्रैल।** नगर पंचायत भखारा में गुरुवार को महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल में प्रेस क्लब भखारा द्वारा कैंडल जलाकर दो मिनट मौन रखकर जम्मू-कश्मीर पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दिया गया।इस अवसर पर अंचल के वरिष्ठ पत्रकार मेहत्तर राम साहू ने कहा कि आतंकवादियों द्वारा किए गए नरसंहार में देश के 26 निर्दोष लोगों को मार दिया गया। इसकी हम घोर निंदा करते हैं। आतंकियों को फांसी से कम की सज़ा न हो। उन्होंने मृतात्मा के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त किया। श्रद्धांजलि देने वालो में प्रेस क्लब भखारा के अध्यक्ष थानेश्वर साहू,सचिव युगल किशोर साहू,संरक्षक मोहम्मद रशीद,कोषाध्यक्ष खिलेश साहू,सदस्य नितेश मानिकपुरी, दिग्विजय सिंह,सूरज सिन्हा मौजूद रहे।

■ प्रेस क्लब भखारा ने कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि

## चिटफंड कंपनी विनायक होम्स प्रा. लिमि. के फरार आरोपी को किया गया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 25 अप्रैल।** विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी मनमोहन लाल वर्मा निवासी ग्राम बरडीह व अन्य निवेशकों द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि चिटफंड कंपनी विनायक होम्स एंड रियल स्टेट प्रा.लिमि. द्वारा प्रार्थी एवं निवेशकों के रूपये को निर्धारित अवधि में दुगूना करने का लालच देकर जमा कराया गया और समयावधि पूर्ण होने के बाद उक्त रकम को वापस नहीं किये है। कि रिपोर्ट पर उक्त चिटफंड कंपनी के डायरेक्टर्स व प्रबंधकों के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 177/2017 धारा 420,34 भादवि. छ.ग. के निपेक्षकों के हितों का संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 10 धन परिचालन स्कीम पाबंदी नियम 2013 की धारा 3,4,5 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में चिटफंड कंपनी विनायक होम्स एंड रियल स्टेट प्रा.लिमि. के फरार आरोपी जितेंद्र बिसे उम्र 45 वर्ष अंबेडकर नगर इंदौर मध्यप्रदेश को आज दिनांक 23.04.2025 को न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत जिला जेल जशपुर से गिरफ्तार किया गया है।

## पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले की शिवसेना ने की निंदा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भानुप्रतापपुर, 25 अप्रैल।** शिवसेना द्वारा पहलगाम कश्मीर में पर्यटकों पर आतंकी हमले की कड़ी शब्दों में निंदा करते हुए शिवसेना नेता चंद्रमौली मिश्रा ने कहा है कि कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमला एक सोची समझी साजिश है। क्योंकि आतंकवादियों द्वारा धर्म पूछ कर हत्याएं करना यह दर्शाता है कि आतंकवाद का धर्म अब स्पष्ट हो चुका है। इस पर सरकार को कड़ी से कड़ी कार्यवाही करते हुए पुनः कश्मीर में सर उठा रहे आतंकवाद को समूल नष्ट करने हेतु आतंकवाद को कुचल देना चाहिए। क्योंकि अब समय आ चुका है किसी भी ऐसी शक्ति के सामने घुटने नहीं टकते हुए हमें आतंकवाद को रौंदना होगा। एवं जो भी देश हमारे देश के अंदर इन आतंकवादियों को समर्थन देता है ।सपोर्ट करता है उसके खिलाफ भी हमें संघर्ष प्रारंभ करना होगा। आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष ,कार्यवाही में पूरा देश सरकार के साथ है ।और शिवसेना भी आतंकवाद के खिलाफ सरकार के साथ खड़ी है।

### आयुक्त विश्वकर्मा ने मोहारा मेला स्थल सौंदर्यीकरण कार्य का किया निरीक्षण



**राजनांदगांव, 25 अप्रैल।** नगर वासियों की मॉग पर शासन स्वीकृति अनुसार मोहारा शिवनाथ नदी के किनारे स्थित मोहारा मेला स्थल का नगर निगम द्वारा सौदर्यीकरण किया जा रहा है, जिसका आज निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने निरीक्षण कर मेला स्थल में चल रहे सौदर्यीकरण कार्य की प्रगति की जानकारी लेकर शेष कार्य जल्द पूर्ण करने कहा। आयुक्त श्री विश्वकर्मा वार्ड पार्षद श्री आलोक श्रोती के साथ मेला स्थल पहुच सौदर्यीकरण कार्य का जायजा लेकर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा ने बताया कि मेला स्थल में मंच, रोड एवं स्वागत द्वार का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शौचालय निर्माण कार्य अंतिम चरण में है, साथ ही चेजिंग रूम निर्माण कार्य किया जाना है।

## आतंकवाद का पुतला दहन, एनएसयूआई ने पाकिस्तान का झंडा जलाया



**रायपुर, 25 अप्रैल।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले में निर्दोष नागरिकों की जान जाने से आक्रोशित होकर आज रायपुर ग्रामीण एनएसयूआई ने आतंकवाद के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। रायपुर ग्रामीण उपाध्यक्ष मुंशाद अली और बिरगांव ब्लॉक अध्यक्ष रितिक दीवांगन के नेतृत्व में व्याध तालाब चौक पर आतंकवाद का पुतला दहन किया गया। पुतले को पाकिस्तान के झंडे से लपेट कर जलाया गया, और सैकड़ों हस्ठ्ठ कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद व, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। हस्ठ्ठ ने विरोध स्वरूप आतंकवाद का पुतला जलाकर केंद्र सरकार से पाकिस्तान पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। बिरगांव ब्लॉक अध्यक्ष रितिक दीवांगन ने कहा कि कश्मीर के पहलगाम में जिस प्रकार निर्दोष मासूमों की हत्या की गई, वह कायरता की पराकाष्ठा है। यह हमला न केवल मानवता पर है, बल्कि हमारे देश की सुरक्षा को खुली चुनौती है। एनएसयूआई केंद्र सरकार से मांग करती है कि पाकिस्तान पर तत्काल हमला कर इस कायरतापूर्ण कृत्य का जवाब दिया जाए। पुतला दहन कार्यक्रम में एनएसयूआई प्रदेश महासचिव कृणाल सिन्हा, प्रदेश प्रवक्ता शाहिद खान, प्रदेश सचिव विकास राजपूत, रायपुर ग्रामीण उपाध्यक्ष मुंशाद अली, जयंती गिल, ग्रामीण विधानसभा अध्यक्ष अजय बंजारे, लवी बंजारे, लोकेश ध्रुव और भारत साहू सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में रहे दवाईयां उपलब्धः कलेक्टर

**राजनांदगांव 25 अप्रैल।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जीवनदीप कार्यकारिणी समिति की बैठक ली। इसके साथ ही कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री भुरे ने कहा कि जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधा व सेवा विस्तार करने की जरूरत है।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0) गीदम, जिला-दक्षिण बस्तर दुन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र-202504161800023/अ-2/2024-25

ग्राम-हाउरनार, प.ह.न.-20, तहसील-गीदम

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदिका श्रीमती राधामणि साहू पिता परशुराम साहू उम्र-59 वर्ष जाति- तेली निवासी ग्राम -गीदम, तहसील गीदम जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाडा (छ.ग.) मोबाईल नं. 9424281304 के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत धारा 172 के तहत अपने क्रय-विक्रय से प्राप्त भूमि ग्राम-हाउरनार प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. गीदम तहसील- गीदम में स्थित भूमि खसरा नं. 5/78 रकबा 0.0100 हे. भूमि को कृषि भूमि प्रयोजन से आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराना चाहते है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भू-खण्ड के व्यपवर्तन से यदि किसी को आपत्ति हो तो इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 06/5/2025 तक उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है।

यह उद्घोषणा मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/04/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा0) गीदम**


# डौंडी में शिक्षकों की कमी, स्वाधीन जैन ने कलेक्टर को लिखा पत्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डौण्डी, 25 अप्रैल।** डौण्डी विकासखण्ड आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। शासन द्वारा कई सरकारी योजना के तहत-अध्यापन कार्य कराया जाता है किंतु कई शालाओं के संस्थाप्रमुख रायपुर, दुर्ग, धमतरी, भिलाई से आना जाना करते है बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है । भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अल्पसंख्यक मोर्चा के स्वाधीन जैन ने जिला कलेक्टर को शिकायत पत्र देकर अवगत कराया है कि विगत दिनो इसी प्रकार शा कन्या पूर्व मा. शाला पथराटोला के हेडमास्टर सिलबनती पूरी की शिकायत हुई थी जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी बालोद द्वारा रायपुर, दुर्ग भिलाई से ही आने वाले प्राचार्या को जांचकर्ता बनाया गया जिनके द्वारा 22 अप्रैल में शाला की संस्था प्रमुख की कुछ बिदुओ से जांच की गयी किंतु जिनकी शिकायत पर जांच टीम गठित हुई जनपद सदस्य, संरपंच एव पंचगण व ग्रामीणों का कोई भी अभिमत नहीं लिया व जनप्रतिनिधियों के साथ तिरस्कारपूर्वक व्यवहार करना एक पक्षीय जांच को दर्शाता है इससे यह स्पष्ट होता है उक्त हेडमास्टर को बचाने की कोशिश की जा रही है ऐसे संस्था प्रमुखों को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा क्यों संरक्षण दिया जा रहा है जो कि अपना मुख्यालय कार्य स्थल में ही दिखाकर गृह?भाड़ा भी वे लेते है और अपना आवेदन अपने करीबी साथी शिक्षा को देकर वापिस आकर शिक्षक-पंजी में हस्ताक्षर कर अपनी उपस्थिति दर्ज कर लेते हैं। उक्त प्रधानपाटिका को कई बार कारण बताओ नोटिस जारी हो चुका है किंतु जांच कर्ता द्वारा लीपापोती करना, ग्रामीणों का अभिमत नहीं लेना जिला शिक्षा अधिकारी बालोद की संलिप्तता को दर्शाता है।डौण्डी ब्लाक के कई कर्मचारी जैसे पथराटोला हाइस्कूल की प्राचार्य और भी कई शिक्षक-शिक्षिकाएं प्रतिदिन बाहर से ही आना जाना करते है और बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हुए शासन से गृह भत्ता भी लेते हैं। जबकि प्रदेश में छत्तीसगढ़ शासन विष्णु देव की सुशासन एक तरफ शिक्षा स्तर को मजबूत करने में लगी है मगर वहीं बालोद जिला के डीईओ द्वारा मंसूबे को पानी फेरते नजर आह रही है। छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार मुख्यालय कार्यस्थल मे ही रखा जाये इसकी धज्जियां उड़ाते डौण्डी ब्लाक के कर्मचारीयों को देखा जा सकता है। शासन का एक बड़ा. हिस्सा ऐसे ही भगोड़ों में उड़ जाता है और गौमीठा-जनता देखते रह जाती है। गौरतलब बात यह है कि शिक्षा विभाग के अधिकारी द्वारा ऐसे व्यक्ति को जांच अधिकारी को जांच हेतु नियुक्त किया गया इसके खिलाफ शिकायत हुई है उनके साथ ही रोज वह भी आना-जाना करते हैं। दुर्ग भिलाई ,रायपुर से साथ मे एक ही वाहन क्रमांक सीजी 07 एमबी 1051 सूमो वाहन से आना जाना करते है। ऐसे में जांच निष्पक्ष किस प्रकार माना जाए। जिला शिक्षा अधिकारी बालोद के संरक्षण में पलने वाले शिक्षा विभाग के कर्मचारीयो की तो बल्ले-बल्ले हो जाती है और रोज समय पर आने वाले कर्मचारीयो ए हाल बेहाल । ऐसे अधिकारी व कर्मचारीयों पर सख्ती किया जाये एव कर्मचारियों को शिकायत पर जांच किया जाये।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26